

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 191, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम 35.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 07 :05

बरेली, रविवार, 1 जून 2025




आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज...11




**आज का मौसम**

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।



37.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- बरेली कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा पहली पाली में सुबह 9 से 12 और दूसरी पाली में 2 से 5 बजे।
- क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में अधिवक्ता पाल्य प्रतिभा सम्मान समारोह सुबह 10 :30 बजे।
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सम्मेलन नेहरू युवा केंद्र में सुबह 11 से 2 बजे तक।
- गुरुद्वारा इज्जत नगर में कीर्तन दीवान सुबह 8 से 2 बजे तक।

# डग्गामार वाहन भर रहे फर्राटा, परिवहन विभाग के अफसर उदासीन

## पिछले माह लखनऊ में हुए हादसे के बाद संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई के थे निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में आठ डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई के बाद ठंडे पड़े जिम्मेदार विभागों के अफसर



शाहजहांपुर रोड पर सेटेलाइट बस स्टैंड के पास खड़ी निजी बसें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डग्गामार और निजी बसों से परिवहन निगम को हर दिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन विभागीय अफसर इनके खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। पिछले माह लखनऊ में डग्गामार बस में आग लगने से पांच लोगों की मौत के बाद शासन की ओर से पुलिस, परिवहन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर इनके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। आरटीओ, रोडवेज एआरएम और ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर आठ डग्गामार बसों पर कार्रवाई की थी। कुछ दिन बाद स्थिति फिर जस की तस बनी है।

बरेली रीजन के विभिन्न शहरों के लिए परिवहन निगम की 750 से अधिक बसें संचालित हैं, जबकि निजी बसों की संख्या भी तकरीबन 400 के करीब है। शहर में पीलीभीत रोड, शाहजहांपुर रोड, मिनी बाइपास से इन बसों का संचालन होता है। इधर, रोडवेज बसों में यात्रियों के लिए बीमा से लेकर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाए जाने का आदेश है, जबकि, निजी बसों में मनमाना किराया और बीच रास्ते में उतारने जैसी परेशानी यात्रियों को झेलनी पड़ती हैं। निजी और डग्गामार बसें जिन रूटों पर संचालित हैं, उनका कोई परमिट भी नहीं है। 15 दिन पहले लखनऊ से परिवहन निगम के एमडी ने फरमान जारी किया था कि एआरएम और एआरटीओ की संयुक्त टीम इसकी जांच कर निजी बसों पर कार्रवाई करें। शुरुआत में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर आठ बसों को सीज किया गया और 14 से अधिक बसों के चालान किए गए। धीरे-धीरे स्थिति फिर जस की तस हो गई है। नतीजतन, निजी बस चालक बेखौफ होकर बिना परमिट वाले रूटों पर फर्राटा भर रहे हैं।

> पिछले माह ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ की टीम के साथ जिले में कई विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान डग्गामारी में कई निजी बसों के चालान के साथ सीज करने की कार्रवाई की थी। इसके बाद किसी तरह की रणनीति नहीं बन सकी है। शीघ्र आरटीओ से संपर्क कर ऐसे वाहनों के खिलाफ फिर से अभियान चलाया जाएगा।
>
> **– दीपक कुमार**, आरएम, रोडवेज

> हमारे स्तर पर लगाातर कार्रवाई की जा रही है। डग्गामार वाहनों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। मंडल के चारों जिलों मे संभागीय परिवहन विभाग की टीमें सक्रिय हैं। परिवहन निगम के अफसर फिर से इस तरह अभियान चलाने के लिए कहेंगे तो उनके साथ शहर के विभिन्न रूटों पर चेकिंग कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **– मनोज कुमार**, एआरटीओ प्रशासन

## मेगा ब्लॉक से कई ट्रेनें हुईं प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ रेल मंडल में दो अंडरपास के निर्माण को लेकर बरेली रूट की ट्रेनों पर असर पड़ा। रेलवे ने रायबरेली और निगोहा में शनिवार को आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लिया। इसके चलते गाड़ियों के संचालन में फेरबदल किया गया ।

मेगा ब्लॉक से पंजाब मेल समेत चार ट्रेनें अपने रूट परिवर्तन के साथ संचालित हुईं। रायबरेली होकर चलने वाली पंजाब मेल, वाराणसी-देहरादून 15119 ट्रेनों के रूट बदले गए। ये ट्रेनें सुल्तानपुर-उत्तरेठिया के रास्ते चलेंगी, जबकि पटना से जम्मूतवी जाने वाली अर्चना एक्सप्रेस भी सुल्तानपुर के रास्ते चलाई गई।

# ट्रांसमिशन फेल, दो घंटे रहा ब्लैक आउट

## सभी विद्युत उपकेंद्र से रात 9 बजे आपूर्ति ठप होने से अफसरों के फूल गए हाथ-पांव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली अभियंताओं ने मशक्कत करके रात में 11 बजे तक बहाल कराई विद्युत आपूर्ति



सिविल लाइन सब स्टेशन पर फाल्ट ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर भर के सभी सब स्टेशन शनिवार की रात 9:00 बजे अचानक से बंद हो गए. इसके बाद मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि ट्रांसमिशन में खराबी के चलते सभी सब स्टेशनों से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद कुछ सब स्टेशन को रात 10:00 बजे बहाल कराया गया, लेकिन सभी सब स्टेशन शुरू करने में रात के 11:00 बज गए।

शहर के सभी विद्युत उपकेंद्र शनिवार की रात लगभग 9.00 बजे अचानक बंद होने से बिजली विभाग के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। शहर में ब्लैक आउट हो गया। उपभोक्ता गर्मी में परेशान होते रहे. अधिशासी अभियंता सुरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि ट्रांसमिशन में खराबी के चलते बिजली आपूर्ति में अचानक दिक्कत हुई थी। इसे बहाल कराने में लगभग दो घंटे लगे और रात 11 बजे सभी विद्युत उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

हरु नगला सब स्टेशन के रामगंगा नगर फीडर से जुड़े महेंद्र नगर फेस टू की बिजली आपूर्ति शनिवार को 3 दिन बाद ठीक हो सकी।

### फ्लैश ओवर से आठ घंटे गुल रही बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस प्रथम सब स्टेशन पर शनिवार सुबह पैनल फ्लैश ओवर होने से आठ घंटे तक इलाके की बिजली गुल रही। गर्मी में लोग परेशान होते रहे। किसी तरह एक पैनल से आपूर्ति शुरू की गई। इसके बाद ही डीएम आवास और विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय की आपूर्ति बहाल हो सकी। सिविल लाइंस सब स्टेशन पर सुबह 7 : 30 बजे पैनल में फ्लैश ओवर होने से आपूर्ति ठप हो गई। इससे आवास विकास, हेड पोस्ट आफिस, मुख्य अभियंता कार्यालय, डीएम आवास, कचहरी, रोड स्टेशन रोड आदि इलाकों में आपूर्ति बाधित हो गई। अपराह्न 11 बजे डीएम आवास और सर्किट हाउस स्थित बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के कार्यालय की आपूर्ति को बहाल कराया गया।

**जनप्रतिनिधि भी हुए परेशान :** सिविल लाइंस में बिजली संकट रहा। यहां भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी के दौरान बिजली नहीं होने से सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्य और अन्य भाजपा नेताओं के साथ कार्यकर्ता भी पसीने से तर-बतर हो गए। लगातार आठ घंटे की बिजली कटौती के बाद उपभोक्ताओं को पूरा दिन गर्मी में परेशान होना पड़ा।

### डीडी पुरम में एसएसओ पर ताना तमंचा, समझौता

बिजली कटौती से नाराज एक उपभोक्ता शुक्रवार की रात 3 :00 बजे डीडी पुरम सब स्टेशन पर पहुंच गया। आरोप है कि उपभोक्ता ने सब स्टेशन पर तैनात बिजली विभाग के एसएसओ पर तमंचा तान दिया। तमंचा तानने वाला क्राइम ब्रांच का सिपाही बताया जा रहा है। हालांकि बाद में इस मामले में समझौता होने के बात बिजली विभाग के अधिकारी कह रहे हैं।

## मॉर्निंग रेड में पकड़े गए 10 बिजली चोर, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के निर्देश पर शनिवार की सुबह मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। इस दौरान चेकिंग में 10 जगह बिजली चोरी पकड़ी गई। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

शहर के सिविल लाइंस तृतीय सब स्टेशन के नवादा शेखान और सीबीगंज सबस्टेशन के वसंत विहार में बिजली विभाग की एचआर टीम और विजिलेंस ने संयुक्त चेकिंग की। इसमें नवादा शेखान में 7 जगह और वसंत विहार में 3 उपभोक्ताओं के मकान में बिजली चोरी पकड़ी गई। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि लाइन लॉस कम करने के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया जा रहा है। चोरी करते पकड़े जाने वाले उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। अधिक लाइन लॉस वाले इलाकों में जाकर उपभोक्ताओं से बिजली चोरी नहीं करने की अपील की जा रही है।

# जनसंवाद यात्रा के बाद दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नगर निगम में धरना देकर प्रदर्शन करते सपा पार्षद। ● अमृत विचार

- सपा पार्षद दल के नेता ने समर्थकों संग नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना की अगुवाई में चार दिनों से चल रही जन संवाद यात्रा का शनिवार को समापन हो गया। उन्होंने समर्थकों के साथ नगर निगम गेट पर धरना देकर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं का निदान कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो जनआंदोलन किया जाएगा। नगर आयुक्त को बताया कि जनसंवाद यात्रा के दौरान उन्होंने 80 में से लगभग 60 वार्डों का दौरा किया, जिनमें से लगभग 35 वार्ड ऐसे हैं, जिनकी स्थिति बहुत खराब है। जिनमें तमाम विकास कार्य कराया जाना शेष हैं। जिसमें सीबीगंज, बदायूं रोड और पुराना शहर के कई वार्ड शामिल हैं। इन इलाकों में कच्ची व गड्ढायुक्त सड़कें हैं, जगह-जगह जल निकासी न होने से बिना बरसात के जल भराव है। आरोप लगाया कि जब सुभाषनगर के लोगों से उन्होंने यात्रा के दौरान संवाद किया तो वहां के लोगों ने उन्हें बताया कि मेयर ने चुनाव के दौरान सुभाष नगर में नालों पर सड़कें बनवाकर उसके नीचे अंडरग्राउंड नाला बनवाने की घोषणा की थी, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह इन समस्याओं को देखने भी नहीं लौटे। बरसात में इन नालों के कारण सुभाषनगर का बुरा हाल होता है। डेलापीर तालाब की लगभग 100 करोड़ रुपये की बेशकीमती जमीन सहित अन्य संपत्तियों कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। पार्षद अब्दुल कय्यूम मुन्ना ने महादेव सेतु के नीचे सर्विस रोड को चौड़ाकर बनवाने एवं बंद पड़ी लाइटों को जलवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में पार्षद शमीम अहमद, मो. नासिर, पार्षद प्रतिनिधि इरशाद फौजी, हसीब खान, श्यामवीर यादव, विक्रांत सिंह पाल, अशफाक चौधरी, बाबा मियां, नीटू कश्यप, संजीव कश्यप, धीरज यादव, अब्दुल जब्बार, सुशील यादव, महेंद्र राजपूत आदि शामिल रहे।

**आवश्यकता है**

- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।

मो. 8077808309, 9837357497

## व्यापारियों को ऑनलाइन सेवाओं की संपूर्ण जानकारी दी

**बरेली, अमृत विचार :** सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान बरेली मंडल के निर्देशन पर किला स्थित वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान के कार्यालय पर व्यापारियों की बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों को विभाग की ऑनलाइन सेवाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कैसे व्यापारी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपने उपकरणों का सत्यापन और मापांकन करा सकते हैं।

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ | सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# बिजली और सड़क के मुद्दों पर मुखर रहे उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों के निशाने पर रहे बिजली अफसर
- डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक, तीन उद्यमियों की दूर कराईं दिक्कत




जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद डीएम अविनाश सिंह और उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमी बिजली और सड़क की समस्याओं को लेकर मुखर रहे। गर्मी में गहराते बिजली संकट को लेकर उद्यमियों का गुबार बैठक में फूटा। उद्यमियों के निशाने पर सबसे ज्यादा बिजली विभाग के अधिकारी रहे।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयासों से कई उद्यमियों की महीनों से चली आ रही समस्या को मौके पर ही दूर करा दी गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार शाम को डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों की बिजली की समस्या का मुद्दा जोर शोर से उठा। बिजली के उपकरण, सरमाइका और एक अन्य उद्यमी ने बताया कि कई माह उनकी लाइन को काटकर ग्रामीण लाइन से जोड़ दी गई, इससे बिजली की समस्या खड़ी हो गई है। डीएम ने तत्काल बिजली विभाग के मुख्य अभियंता को बुलाया। तीनों उद्यमियों और मुख्य अभियंता को एक साथ बैठकर समस्या का हल निकालने को कहा। काफी देर तक बातचीत के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। इसके बाद डीएम ने मामले में बिजली विभाग के एमडी से बात की। एमडी ने उद्यमियों के पक्ष में आदेश दे दिया। इससे उद्यमियों ने बड़ी राहत महसूस की। आईआईए के मंडलीय चेयरमैन व उद्यमी विमल रिवाड़ी ने कहा कि इस समय बिजली का हाल बहुत बुरा है। व्यवस्था में सुधार कराने का आश्वासन मिला। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण, बरसात में जलभराव की समस्या भी उठी। रिछा में स्ट्रीट लाइट्र, सड़कों और फरीदपुर में भी स्ट्रीट लाइट लगाने का मुद्दा उठाया गया। लघु उद्योग भारती के एसके सिंह ने कहा कि सुबह से शाम हो गई है। उनकी फैक्ट्री में भी बिजली नहीं आई है। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि, डेडीकेटेड फीडर होने के बाद भी दूसरे औद्योगिक इकाइयों को कनेक्शन देने का प्रयास किया जा रहा है। तय हुआ कि कोई कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। भोजीपुरा में ही टोल टैक्स से हाईवे के पुल तक नैनीताल से माल वाहकों के गलत दिशा में आने का मुद्दा उठाया। बैठक में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, प्रभारी सीडीओ दिनेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उद्यमी अभिनव अग्रवाल, अल्पित अग्रवाल, राजेश गुप्ता समेत अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

### दो साल से उठा रहे जर्जर सड़क की समस्या

उद्योग बंधु कमेटी के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने कहा कि, पिछले दो सालों से रजऊ में बहादुरपुर के जर्जर मार्ग को सही कराने की मांग की जा रही है, मगर कोई सुनने वाला नहीं है। कहा कि इस मार्ग पर 15-16 उद्योग लगे हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे ट्रक और श्रमिकों को आने में समस्या आ रही है। सचिव अल्पित अग्रवाल ने भी बिजली की ट्रिपिंग और ब्रेकडाउन की समस्या उठाई।

# नगर निगम के नये भवन में मिलीं कई खामियां कंस्ट्रक्शन फर्म को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियंताओं के निरीक्षण में मिली खामियां दुरुस्त करने को कहा गया

**अमृत विचार :** नगर निगम की नई बिल्डिंग के निर्माण को लेकर लापरवाही उजागर होने के बाद गाजियाबाद की वीके कंस्ट्रक्शन फर्म को नगर निगम अंतिम नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। अभियंताओं के निरीक्षण में एक सप्ताह पहले कमियां मिली थीं। इसके बाद नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि अभी तक कई काम पूरे नहीं हुए हैं और लापरवाही भी बरती जा रही है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि लापरवाही के कारण निगम की छवि को धूमिल हो रही है। इसके कारण टेंडर के शर्त के अनुसार कार्य न होने पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

नगर निगम की नई बिल्डिंग का निर्माण का टेंडर मैसर्स वीके कंस्ट्रक्शन के 2021 में दिया गया था। इसके पूरा होने का समय 2023 था, लेकिन काम की गति धीमी होने के साथ ही इसमें कई कमियां रह गई हैं। नगर आयुक्त के निर्देश पर किए गए निरीक्षण में कई खामियां मिली थीं। इसके बाद फर्म को नोटिस जारी करके इन्हें दुरुस्त करने को कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि निरीक्षण में देखा गया है कि पाइपलाइन के चोक होने के कारण टैक्स विभाग के कक्ष की छत, फर्श और दीवारों से पानी टपकने लगाता है तो कभी सेंट्रल एयरकंडीशन सिस्टम फेल हो जाता है। इतना ही नहीं बार-बार लिफ्ट भी बीच में बंद हो जा रही है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर शौचालयों में पानी की टंकी नहीं थी।

वाटर लीकेज मिला और यूरिनल के पार्टीशन टूटे मिले। नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी फर्म को अंतिम नोटिस जारी किया है। उन्होंने फर्म को फिर से नोटिस देकर कमियों को ठीक करने का अंतिम मौका दिया है। इसके बाद काम पूरा न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# ईको टूरिज्म के रूप में विकसित होगा बहगुल नदी का कच्चा बांध

अनुपम सिंह, बरेली

- शासन से नामित आर्किटेक्ट ने स्थानीय लोगों के साथ किया सर्वे, मंगलवार को देंगे रिपोर्ट
- स्थल को रमणीक मार्गीय स्पॉट के रूप में विकसित करने के लिए शुरू की गई कवायद



बहगुल नदी के कच्चे बांध का निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय से तकरीबन 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बहेड़ी में बहगुल नदी पर बने कच्चे बांध (जलाशय) को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। शासन की ओर से नामित आर्किटेक्ट ने शनिवार को मौके का सर्वे कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट पर्यटन विभाग को मंगलवार को सौंपी जाएगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

बहेड़ी तहसील के ग्राम खमरिया से होकर गुजरने वाली बहगुल नदी पर अभी कच्चा बांध बना हुआ है। इसे ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू हुई है। शासन से नामित आर्किटेक्ट हिमांशु ने शनिवार को स्थानीय निवासी जयदीप सिंह के साथ सर्वे का कार्य पूरा किया है। आर्किटेक्ट के अनुसार, सर्वे हो गया है। कई बड़े और पुराने पेड़ हैं, जो पर्यटकों को लुभाएंगे। मौके तक पहुंचने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर में सड़क पर खड़ंजा लगा है। बाकी सड़क डामरयुक्त है। ईको टूरिज्म स्थल बनाने के लिहाज से अच्छी लोकेशन है। पास में झील भी है। स्थल विकसित होने के बाद लोगों में रोमांच भरेगा।

**कमिश्नर ने लिखा था पर्यटन के महानिदेशक को पत्र**

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने पर्यटन के महानिदेशक मुकेश मेश्राम को पत्र लिखकर बहगुल नदी के कच्चा बांध को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित कराने के लिए आग्रह किया था। उन्होंने लिखे गए पत्र में भी कहा था कि पर्यटकों को रमणीक मार्गीय स्पॉट मिलने के साथ ही स्थानीय लोगों के लिए भी आर्थिक तौर पर सहायक होगा। इसी को लेकर पर्यटन विभाग में स्थापित ईको टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से नामित आर्किटेक्ट ने सर्वे किया है।

### स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे रोजगार के रास्ते

बहगुल नदी में ईको टूरिज्म स्थल विकसित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने की संभावनाएं भी बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा बरेली-नैनीताल मार्ग के पास स्थित होने की वजह से इस रास्ते से गुजरने वाले पर्यटकों को रमणीक मार्गीय स्पॉट भी मिल सकेगा।



> बहगुल नदी पर अभी कच्चा बांध है। आर्किटेक्ट ने सर्वे कर लिया है। रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया शुरू होगा। संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा।
>
> **-ब्रजपाल सिंह**, उपनिदेशक पर्यटन




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 191, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम**

35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 15
सूर्यास्त 07 :05


बरेली, रविवार, 1 जून 2025



थरूर की नाराजगी के बाद बदला कोलंबिया का सुर...12



interlinkFOODS

INTERLINK FOODS PRIVATE LIMITED

Registered Office :
Ground Floor, Rasvilas Salcon,
Saket District Centre, Saket,
New Delhi-110012

T: +91-11-41982300 F:+91-11-41982311

CIN : U15410DL2008PTC177846

TANGILAL JEWELLERS



ARTIFICIAL JEWELLERY,
ACCESSORIES &
BANGLES

K.K. Hospital Road, Rajendra Nagar, Bareilly



प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# अहिल्याबाई की जीवन शैली को प्रधानमंत्री कर रहे साकार

## भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी में बोले जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भाजपा के सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर शनिवार को बरेली, आंवला और महानगर कमेटी ने संयुक्त रूप से रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की। इस मौके पर जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने कृतित्व व व्यक्तित्व से लोकमाता की उपाधि प्राप्त की थी। उनके जीवंत दर्शन हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से 11 वर्षों से देखने को मिल रहे हैं।

आंवला के जिला प्रभारी दोदराम कुशवाहा ने भी विचार रखे। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ एमपी आर्य, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, रामगोपाल मिश्रा, शिव मंगल राठौर, डॉ निर्भय सिंह गुर्जर, स्वाति सिंह, नीलम जेठा, प्रभु दयाल लोधी, नवीन अग्रवाल, देवेंद्र जोशी, मेघनाथ सिंह कठेरिया, अंकित माहेश्वरी, प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) आदि मौजूद रहे।



संगोठी को संबोधित करते जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह व मंचासीन पदाधिकारी।

### आरएसएस ने मनाई जयंती

**बरेली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चाणक्य शाखा ने केशव नगर में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। दिनेश चंद्र सक्सेना ने अहिल्याबाई के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। सह विभाग कार्यवाह हरीश, दीपक अग्रवाल, सुनीता शर्मा, ठाकुर दास, डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति कम

**बरेली, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को सीएम डैशबोर्ड में शामिल विकास से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक की। समीक्षा में पाया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना में जनपद की प्रगति कम है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में गति लाएं। जिससे रैंकिंग में सुधार आए।

ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, मिड डे मील में रैंकिंग कम है, जिस पर नाराजगी जताई और शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये कि किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में प्रगति अच्छी नहीं है। तहसील एवं ब्लाक स्तर पर कैम्प लगाकर किसानों की फार्मर आईडी बनवाएं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीके अरोड़ा आदि अफसर मौजूद रहे।


## सार-संक्षेप

### पाल महासभा ने निकाली शोभायात्रा




**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पाल महासभा ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी के बाद शनिवार को शोभा यात्रा निकाली, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने किया। बदायूं रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता इंजीनियर आरएस पाल ने की। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर मंत्री जेपीएस पाल, वीर पाल सिंह, राकेश पाल, करन पाल, सुनील पाल, राम सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

### समाजवादी विचारधारा से मेल खाते अहिल्याबाई के कार्य



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइन मिशन कंपाउड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की एक प्रेरणादायी, न्यायप्रिय और जनकल्याणकारी शासिका थीं। कहा कि उनके कार्य समाजवादी विचारधारा के मूल तत्वों, समानता, सामाजिक न्याय और सेवा से मेल खाते हैं। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं और किसानों के लिए बहुत कार्य किए। जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि यह संकल्प लेते हैं कि हम उनके आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, शिक्षा, और सम्मान पहुंचाने की दिशा में लगातार कार्य करते रहेंगे। संचालन पंडित दीपक शर्मा ने किया। रविंद्र यादव, सुरेंद्र सोनकर, डॉ. अनीस बेग, नरेश पाल, बृजेश श्रीवास्तव, रणवीर सिंह जाटव, स्मिता यादव, राजेश्वरी यादव, श्यामवीर सिंह यादव, सुभाष चंद्र गुर्जर, काशीराम भारती, प्रमोदपाल, अमर सिंह पाल, शिवानी पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर को कांग्रेसियों ने किया याद




**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के कटरा चांद खां स्थित आंबेडकर भवन में शनिवार को कांग्रेसियों ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर देश में धर्मरक्षक और न्याय की प्रतीक थीं। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कर्तव्य परायण न्याय की इस देवी को राष्ट्र सदैव स्मरण करता रहेगा। रमेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ हरीश गंगवार, सुरेश दिवाकर, एडवोकेट पंकज उपाध्याय, आशीष रुस्तम, विनोद कुमार, प्रवीण उपाध्याय, योगेश जोहरी, धीरज मधुकर, मुकेश वाल्मीकि, शाकिर सकलैनी, रोहित मसीह, रामपाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### लोक विधाओं में पुरस्कार के लिए करें 7 जून तक आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से लोक विधाओं में गायन वादन, नृत्य, रंगमंच, समीक्षा, लेखन, कला उन्नयन (शास्त्रीय, उपाशास्त्रीय, सुगम संगीत, लोक संगीत, नृत्यनाटिका, अभिनय, तकनीक, शास्त्रीय नृत्य) कलाकारों के नाम राज्य स्तरीय अकादमी पुरस्कार के लिए आमंत्रित किए गए हैं। इसकी योग्यता मुख्य रूप से कलाकार न्यूनतम एक दशक से प्रदेश में अपनी कला के माध्यम से सक्रिय होना चाहिए। जिला स्तर पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 जून है।

# इलाज से वंचित नहीं रहेंगे गरीब : मेयर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के जीआईसी ऑडिटोरियम सभागार में मेयर डॉ. उमेश गौतम और उनके पुत्र पार्थ गौतम ने शनिवार को युवा सेवक संघ के गठन की घोषणा की। इसे गैर राजनीतिक संगठन बताया। संगठन के शुभारंभ पर मेयर ने गरीबों के मुफ्त इलाज का वादा किया। आयुष्मान कार्ड न होने पर भी कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित नहीं रहेगा। पार्थ फाउंडेशन द्वारा शहर में किये कार्यों की जानकारी भी दी।

मिशन अस्पताल में पार्थ फाउंडेशन के जरिये गरीबों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें भर्ती शुल्क, ऑपरेशन शुल्क, सामान्य डिलीवरी, बिस्तर, नर्सिंग केयर और परामर्श शुल्क भी शामिल हैं। युवा सेवक संघ का मुख्य मकसद लोगों की सेवा करना होगा। शहर का तेजी से विकास करने का काम किया जा रहा है। शहर में 2026 तक कोई भी कच्चा मार्ग नहीं होगा। इसको लेकर कार्ययोजना बनाई गई है। हमने सेवा का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को हेलमेट और टी शर्ट दी गईं।




कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते मेयर डॉ. उमेश गौतम व पार्थ गौतम।

### राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर कसा तंज, उनके घरों में घंटा बजेगा

**बरेली :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग 17 साल तक नगर निगम मेयर की कुर्सी पर रहे, आज के समय उनके साथ 17 लोग नहीं है। वे आज हमारे खिलाफ रैलियां निकाल रहे हैं। जनता सब जानती है। बरेली के कई नेताओं के पुत्रों को देख लें, वह न जाने कहां हैं। आज के कार्यक्रम से कई नेताओं की नींद उड़ जाएगी, उनकी घंटी नहीं, उनके घर में घंटा बजेगा।

- युवा सेवक संघ के गठन की घोषणा, मेयर ने किया शुभारंभ
- कहा, हर किसी की सेवा के लिए खड़ा रहेगा युवा सेवक संघ

**... तो चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे : पार्थ :** बरेली : समारोह में युवा सेवक संघ के प्रधान सेवक पार्थ गौतम ने कहा कि यह संगठन बरेली नगर निगम क्षेत्र, उसके बाद बरेली जिला, फिर बाहर के जनपदों के लोगों की सेवा करेगा। पहले कैंट विधान सभा में संगठन खड़ा किया है। इसके बाद सभी विधान सभा क्षेत्रों में विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा सेवक संघ गैर राजनीतिक संगठन है। इसमें जुड़ने वाले सभी सदस्य सेवक कहलाएंगे। वह भी लोगों से जुड़ कर केवल प्रधान सेवक के रूप में कार्य करेंगे। कहा, यह मंच गैर राजनीतिक है, लेकिन बरेली की जनता ने जोर दिया तो चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे।



जीआईसी ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र कलेक्ट्रेट में दिया

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की बरेली इकाई ने राज्यव्यापी आह्वान पर अलीगढ़ में लाइसेंस धारी मांस विक्रेताओं को पीटने के विरोध में राज्यपाल को संबोधित चार सूत्री मांग पत्र शनिवार को कलेक्ट्रेट में सौंपा। राज्य कमेटी सदस्य राजीव शांत ने कहा कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। प्रो. अजय त्रिवेदी जिला सचिव, टीआर लोधी एडवोकेट, इरशाद अहमद, विनय पटेल, सुशील कुमार मौजूद रहे।

# मॉडलों में दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक

**बरेली, अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रदर्शनी में भाग लिया। जिसमें एस-400 ब्रह्मोस व राफेल जैसी शक्तिशाली उपकरणों के नमूने प्रदर्शित किए गए। बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से इन मॉडल का निर्माण किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल और निदेशिका डॉ. लता अग्रवाल ने छात्रों के मॉडलों की सराहना की।

प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी, उप प्रधानाचार्या डॉ निशा शर्मा, प्रशासक सुधांशु शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां भविष्य में भी आयोजित होनी आवश्यक हैं, इससे छात्रों में देश भक्ति और दूरदर्शिता के गुण विकसित होते हैं। इन मॉडलों का निर्माण कक्षा 8 की पीहू गुप्ता, अन्नया चौहान, गुरवंशदीप सिंह, निशान्त और कक्षा 9 के मनमीत, प्रशंसा, वेदिका, मनरीत, रतनिका, नाजिया गार्गी आदि छात्र-छात्राओं ने किया। रचना, रतना, सुमित, कृष्ण मुरारी, अंशुल खण्डेलवाल, नन्हे लाल, नगमा, मुस्कान, तनप्रीत, भावना, सुमाक्षी, शिवानी सिंह, पूनम, पूजा, शिवानी पचौरी, शबीना, आशा, वर्षा, छाया, रूबी पाठक, कान्ती पटेल, महक पटेल, उमेश पटेल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

- केशलता इंटरनेशनल स्कूल में प्रदर्शनी आयोजित




मॉडल प्रदर्शनी में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## नगर निकायों में जहां अभी तक लाइटें नहीं वहां शीघ्र लगवाएं

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों के टाइड-अनटाइड की धनराशि की कार्ययोजना, वंदन योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना और मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के संबंध में बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकायों में जो भी कार्य करें, उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। उन्होंने सभी ईओ को निर्देश दिए कि जिन जगहों पर अभी तक लाइटें नहीं हैं, उन स्थानों पर अतिशीघ्र लाइटें लगवाएं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

हर दर्द का इलाज करते हैं।
डॉ. रूप किशोर
गठिया, फालिज व दर्द के विशेषज्ञ
कमर, कंधे, नसों का दर्द
झनझनाहट व सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
पताः- जगतपुर रोड, बरेली मो. 9267043010
मिलने का समयः- प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक

# मुख स्वास्थ्य और नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से शनिवार को वॉकथॉन (पैदल यात्रा) का आयोजन किया गया। वॉकथॉन कॉलेज परिसर से शुरू होकर सुरेश शर्मा नगर चौराहे पर संपन्न हुई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकाथॉन का प्रमुख उद्देश्य जनमानस में स्वास्थ्य, विशेषकर मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। साथ ही यह कार्यक्रम नशामुक्ति, स्वच्छता और नियमित शारीरिक गतिविधियों की महत्ता को भी उजागर करने के लिए आयोजित किया गया।

डॉ. शिवलिंगेश केके ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वॉकथॉन का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, स्कूली छात्रों, चिकित्सकों और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया।




समाज को नशा से मुक्त करने के लिए शपथ लेते शिक्षक और छात्र। ● अमृत विचार

- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज से वॉकथॉन की हुई शुरुआत
- छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आमजन ने लिया भाग

आयोजकों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य आमजन को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनावमुक्त जीवन के प्रति जागरूक करना है।

वॉकथॉन के दौरान प्रतिभागियों ने 'फिट इंडिया, हेल्दी इंडिया' जैसे नारे लगाए। अंत में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दांतों की देखभाल, रोगों से बचाव" जैसे नारों के साथ मार्च किया गया। प्रतिभागियों के हाथों में स्लोगन-प्लेकाड्र्स थे, जिन पर मौखिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति और स्वच्छता से जुड़े संदेश लिखे थे। इस दौरान अध्यापक डॉ. चंचल गंगवार, डॉ. रिंकी हंस, डॉ. अर्जुन सिंह, पीजीएस और बीडीएस कर रहे छात्र मौजूद रहे।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 191, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 1 जून 2025


**आज का मौसम**

35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 15
सूर्यास्त 07 :05

देश में बढ़ा कोरोना ...10




## आईपीएस राजीव कृष्ण बने उप्र के नए डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियुक्ति का आदेश जारी, प्रशांत कुमार को नहीं मिला सेवा विस्तार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक व उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष, 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनका कार्यभार डीजीपी पद पर स्थायी नियुक्ति होने तक रहेगा।

शनिवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से इस आशय का निर्देश जारी हुआ। कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न देते हुए राज्य सरकार ने यह फैसला लिया। राजीव कृष्ण को 11 वरिष्ठ



आईपीएस अफसरों को 'सुपरसीड' करते हुए डीजीपी की जिम्मेदारी दी गई। मूल रूप से गौतमबुद्धनगर के निवासी राजीव इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्हें दो बार राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड भी मिल चुका है।

## जम्मू-कश्मीर सहित छह राज्यों में हुआ मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास (मॉक ड्रिल) किए गए।

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में अमर सिंह निवास में मॉक ड्रिल हुआ। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा में 22 जिलों में मॉक ड्रिल किया गया।

## ओपल को मिस वर्ल्ड का ताज

हैदराबाद, एजेंसी

- थाईलैंड की सुंदरी ने 108 प्रतिभागियों को पछाड़ा, भारत की नंदिनी गुप्ता शीर्ष आठ में पहुंचने से पहले हुई बाहर

थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग श्री को शनिवार को मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले के बाद 72वीं मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। इथियोपिया की हासेट डेरेजे एडमसु को उपविजेता घोषित किया गया। भारत की प्रतिभागी नंदिनी गुप्ता शीर्ष 8 में पहुंचने से पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।


नंदिनी गुप्ता

आयोजकों के अनुसार, तेलंगाना में एक महीने तक उद्देश्यपूर्ण गतिविधियों, सांस्कृतिक मिलन और उद्देश्य-संचालित गतिविधियों के जीवंत कार्यक्रमों के बाद, दुनिया भर से पहुंचीं 108 प्रतिभागियों ने विश्व सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड का ताज जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा की। विजेता ओपल, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की छात्रा हैं। उन्हें मनोविज्ञान और मानव विज्ञान में रुचि है और वह राजदूत बनना चाहती हैं। उन्होंने स्तन कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के लिए स्वयंसेवी के तौर पर काम किया है। मिस वर्ल्ड वेबसाइट के अनुसार, ओपल को उकेलेले (वाद्य यंत्र) बजाने में भी महारत हासिल है। उनके पास सोलह बिल्लियां और पांच कुत्ते हैं। मिस वर्ल्ड की अध्यक्ष जूलिया मोर्ले सीबीई ने जूरी का नेतृत्व किया और 72वीं मिस वर्ल्ड की विजेता की घोषणा की। अभिनेता सोनू सूद को प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड मानवतावादी पुरस्कार दिया गया।

## एक नजर

### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृति के दिन आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2.56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

### हथियार तस्करी में पहलवान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर के पहलवान से हथियार तस्कर बने 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने बताया कि सोनू लंगड़ा उर्फ पहलवान एक सड़क दुर्घटना में अपना पैर गंवाने के बाद अपराधियों को अवैध हथियार की आपूर्ति करने लगा था, करीब आठ साल तक फरार रहने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। सोनू लंगड़ा को 29 मई को उत्तर प्रदेश के बागपत में उसके पैतृक गांव से पकड़ा गया।

### मुकदमे पर रोक की लालू की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें नौकरी के बदले जमीन घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

# आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

## प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।



कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधान मंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

## खाई में पलटी तेज रफ्तार कार, छह बरातियों की मौत

**हरदोई।** जिले में एक सड़क हादसे में दूल्हे के दो चचेरे भाइयों और बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच बरातियों को लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुआ। सूचना पर डीएम अनुनय झा, एसपी नीरज जादौन मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

- बरात से देर रात घर लौट रहे थे सभी

पाली थाने के मोहल्ला पटियानीम निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बरात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना हुआ। उसके बाद दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र (25), आकाश (22), जितेंद्र का पांच वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ, पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी बहनोई जौहरी (35), पटियानीम निवासी रिश्तेदार उदयवीर (20) के अलावा अमन, प्रवीण, प्रवीण का भाई नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र आर्टिगा कार से ड्राइवर 30 वर्षीय रामू राठौर उर्फ अरुण कुमार निवासी भगवंतपुर पाली के साथ देर रात घर लौट रहे थे। शनिवार की भोर करीब चार बजे कार मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर खाईं में पलट गई।

## हर आदमी तक न्याय हमारा मौलिक कर्तव्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया।


सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते सीएम योगी।

- सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग भवन का किया उद्घाटन

### वादकारी का भी बड़ा महत्व: योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी।

### पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

## भाभी के लिए खून देने जा रहे युवक की दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कांकरटोला की भटियारों वाली मस्जिद के पास शनिवार दोपहर पिता-पुत्र ने चाकू से गोदकर जरी जरदोजी कारीगर की हत्या कर दी। हत्या के पीछे अंजुमन के जुलूस के विवाद के साथ अवैध संबंध होने की बात सामने आई है। पुलिस हत्यारोपियों की धरपकड़ में जुटी है।

बारादरी के कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जहीर अहमद उर्फ बच्चू ने बताया कि उसकी बहू की तबीयत खराब है। इसके लिए खून की आवश्यकता है। बेटा अरशद अली उर्फ गुड्डू (38) शनिवार दोपहर


अरशद (फाइल)

- बारादरी थाना क्षेत्र के कांकरटोला में पिता-पुत्र ने मार डाला

में करीब 2.30 बजे घर से खाना खाकर अपनी भाभी के लिए खून देने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में नाजिम मेंबर वाली गली में रहने वाला आमिर और उसका बेटा फरमान मिल गए।

जहीर ने आरोप लगाया कि दोनों ने अरशद को पकड़ लिया और खींचकर अपने घर के सामने ले गए। वहां चाकू से गोदकर घायल कर दिया। जानकारी मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान अरशद ने दम तोड़ दिया। जहीर ने बताया कि हत्यारोपी उसके बेटे अरशद से अंजुमन के जुलूस को लेकर हुए विवाद में रंजिश मानते हैं। आरोपी अक्सर बेटे के साथ गाली-गलौज करते थे।

इसी रंजिश में हत्या कर दी। अरशद की मौत की जानकारी पर इंस्पेक्टर अपराध अरविंद सिंह, एसएसआई रोहित शर्मा अस्पताल पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वहीं इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय का कहना है कि आरोपी घर पर ताला बंद करके फरार हो गए हैं।

## कर्नाटक में तंबाकू खरीदने की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने एक कानून अधिसूचित किया है, जिसके तहत हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया है और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। उल्लंघन के लिए जुर्माने में बढ़ोतरी की गई है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक, 2024 को 23 मई को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 30 मई को अधिसूचना जारी की गई। तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## नफरती भाषण मामले में विधायक अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

मऊ, एजेंसी

मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण (हेट स्पीच) के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के



- सुभासपा विधायक की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आई

प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष एमपी/एमएलए अदालत के न्यायाधीश केपी. सिंह ने सुनवाई के बाद शनिवार को अब्बास अंसारी को दोषी ठहराया और धारा 189 तथा 153-ए के तहत दो-दो साल, धारा 506 के तहत एक साल और धारा 171-एफ के तहत छह महीने की सजा सुनाई। दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।

विशेष अदालत के इस आदेश को अब सत्र अदालत में चुनौती दी जाएगी। फिलहाल, अब्बास अंसारी को अस्थायी जमानत मिल गयी है। इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है जबकि छोटे भाई उमर अंसारी को बरी कर दिया है।

## बारिश से पूर्वोत्तर में तबाही, 22 की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 22 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों



- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

के सात सदस्यों की मौत हो गई। निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई। ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से दापोरिजो में बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है। वहीं, कर्नाटक मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार राज्य में अप्रैल से अब तक बारिश जनित घटनाओं के कारण 71 लोगों की मौत हुई है।

## भारत ने आतंक के खिलाफ खींची नई लक्ष्मण रेखा

सिंगापुर, एजेंसी

- सीडीएस जनरल चौहान बोले-उम्मीद है कि शत्रु को सबक मिला होगा

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद के खिलाफ एक नई लक्ष्मण रेखा खींची है और उम्मीद है कि इस सैन्य कार्रवाई से हमारे शत्रु को कुछ सबक मिला होगा। यहां शांगरी-ला डायलॉग से जुड़े कार्यक्रम के दौरान, हालिया ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान संबंधों में रणनीतिक स्थिरता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीडीएस ने कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है, उम्मीद है कि वे इसे समझेंगे।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद, सात मई की सुबह



ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमले किए गए थे। पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए थे। संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद 10 मई को हमले रोक दिए गए थे। सैन्य संघर्ष से मिली सीख के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि हम 300 किलोमीटर तक की हवाई सुरक्षा को सटीकता के साथ भेदने में सक्षम थे।

जनरल चौहान और विभिन्न देशों के कई अन्य रक्षा प्रमुखों या प्रतिनिधियों ने एशिया के एक प्रमुख शिखर सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग के एक भाग के रूप में आयोजित भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार संसाधान विषय पर सेमिनार के दौरान कई सवालों के जवाब दिए, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर और इसके निहितार्थ से जुड़े सवाल भी शामिल थे।

### छह विमानों को गिराने का पाकिस्तानी दावा गलत

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे।

# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity

Fast Appointment

for Maximum 25 Minute only
Offline, Online

Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो चुकी हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306


# राहत: प्रायोगिक परीक्षाओं की अंतिम तिथि बढ़ाई

## रुविवि के परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यालयों को निर्देश जारी किए

- 15 जून के बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा 2024-25 के तहत प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाओं की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून कर दी है। रुविवि प्रशासन के अनुसार 15 जून के बाद किसी भी दशा में प्रायोगिक या मौखिक परीक्षा के अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि तक शेष सभी प्रयोगात्मक परीक्षाएं अवश्य पूरी करा लें और उसके अंक पोर्टल पर अपलोड कर दें। तिथि वृद्धि का निर्णय कुछ कॉलेजों की मांग व तकनीकी कारणों से लिया गया है, लेकिन अब इसके बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

### विश्वविद्यालय ने बीफार्मा, बीएचएम और एमएससी का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया

**बरेली :** रुहेलखंड यूनिवर्सिटी ने परिसर में संचालित बीफार्मा, बीएचएम, एमएससी, एमसीए, एमटेक, एमटेक प्लस पीएचडी, एमफार्मा और डिप्लोमा कोर्सेज के दूसरे, चौथे, छठे और आठवें सेमेस्टर की मुख्य/बैक परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 2 से शुरू होकर 24 जून को समाप्त होंगी। संशोधित कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। साथ ही बीए-एलएलबी दूसरे, चौथे, छठे, आठवें और दसवें सेमेस्टर की मुख्य और बैक परीक्षा का भी संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ है। यह परीक्षाएं 11 से 2 :00 बजे की पाली में 10 से 20 जून तक होंगी। एलएलबी दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर का संशोधित कार्यक्रम भी जारी किया गया है। अब यह परीक्षा 10 से 19 जून तक होगी।

### बीए का वाइवा दो से चार जून तक

**बरेली :** रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए अंग्रेजी साहित्य चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं का वाइवा तीन जून को, जबकि द्वितीय और षष्ठम सेमेस्टर का वाइवा चार जून को होगा। बीए द्वितीय सेमेस्टर और षष्ठम सेमेस्टर समाजशास्त्र की मौखिकी परीक्षा दो जून को 10 बजे से होगी। बीए षष्ठम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान का वाइवा भी दो जून को होगा। कॉलेज प्रशासन के अनुसार सोमवार से पोर्टल खुल जाएगा। छात्राएं प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगी।

# तंबाकू के सेवन से होनी वाली बीमारियों के बारे में बताया



रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। ● अमृत विचार

- रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली रैली

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। कार्यक्रम आयोजक कपिल पटेल के नेतृत्व में रैली आयोजित की गई। छात्रों ने तंबाकू सेवन के खिलाफ पोस्टर लेकर विद्यालय से लेकर बिचपुरी गांव तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। छात्रों ने तंबाकू के सेवन से होनी बाली बीमारियों के बारे में बताया। रैली के साथ पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिता भी हुई। अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. प्रियंका ए मसीह और उप प्रधानाचार्य डा. अनीता पी ने की। विजेताओं का प्रधानाचार्य ने उत्साहवर्धन किया।

# आठ केंद्रों पर आज 3767 अभ्यर्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा



बरेली कॉलेज में परीक्षा की तैयारी परखते शिक्षक।

**बरेली, अमृत विचार :** आठ केंद्रों पर रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस संबंध में शनिवार को बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा के लिए तीन बरेली कॉलेज और पांच केंद्र रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए हैं। परीक्षा दो पॉलियों में होगी, जिसमें 3,767 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा से कम से कम दो घंटे पहले अपने केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी ने एनआरसी का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** डीपीओ (जिला कार्यक्रम अधिकारी) मनोज कुमार ने शनिवार को जिला अस्पताल स्थित एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती बच्चों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। एनआरसी में दस बेड हैं। सभी पर बच्चे भर्ती मिले। डीपीओ ने निर्देश दिए कि जो बच्चे ठीक होने वाले हैं, उनका पोषण और स्वास्थ्य संबंधी देखभाल बेहतर तरीके से करें। बच्चों के परिजनों से केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के साथ ही दवाओं के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि देखभाल करने में कोई कोताही न बरती जाए।


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# जिला अस्पताल में बच्चेदानी की गांठ का सफल ऑपरेशन

**बरेली, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में अब बच्चेदानी की गांठ का आपरेशन दूरबीन विधि से करा सकेंगे। शनिवार को इसकी शुरुआत की गई। वरिष्ठ सर्जन डॉ. एमपी सिंह की टीम ने सफल सर्जरी की। डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि पांच दिन पहले बिहारीपुर निवासी 43 वर्षीय महिला ओपीडी में दर्द की शिकायत लेकर आई थी। मामला गंभीर होने पर डॉक्टर ने सर्जन की सलाह लेने के लिए कहा। अल्ट्रासाउंड जांच कराने पर मरीज की बच्चेदानी में 8 सेंटीमीटर की गांठ होने की पुष्टि हुई। शनिवार सुबह 11 बजे दूरबीन विधि से मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। टीम में डॉ.अंजली सोनी, डॉ. मीनाक्षी गोयल, प्रशिक्षु डॉ. मुग्धा शर्मा, डॉ मेघ सिंह, डॉ रमेश और सिस्टर भावना शामिल रहीं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ डॉक्टर ने बच्चेदानी की गांठ का दूरबीन विधि से सफल ऑपरेशन किया है।

# डीआईओएस कार्यालय पहुंचीं बोर्ड की मार्कशीट

**बरेली, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मार्कशीट के लिए इंतजार नहीं करना होगा। डीआईओएस कार्यालय में मार्कशीट पहुंच गई हैं। डीआईओएस डा. अजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रमापत्र-सह अंक पत्र प्राप्त हो गए हैं। राजकीय, अशासकीय और वित्तविहीन विद्यालयों के समस्त प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि वह डीआईओएस कार्यालय से अंक प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों को वितरित करें।

## सार-संक्षेप

### तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई शपथ



**बरेली, अमृत विचार :** तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज संस्था की स्थानीय शाखा की ओर से मानव संसाधन नशा मुक्ति केंद्र चाहबाई में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पारुल ने ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से नशे की लत से बाहर निकलने के उपाय बताए। मानव संसाधन नशा मुक्ति केंद्र के प्रमुख ने ब्रह्माकुमारी संस्था का आभार जताया और कहा कि तंबाकू और अन्य नशों से मुक्ति के लिए समाज को मिलकर कार्य करना होगा। लोगों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई गई। ब्रह्माकुमारीज के सदस्य बीके अंजलि, अनुराग, हरिओम, अनूप आदि उपस्थित रहे।

### दिलाई तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ओंकोलॉजी विभाग के डॉ. हिमांशी खट्टर, डॉ. अनीश एके, डॉ. सोमदत्ता सिंघा, डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, डॉ. निहारिका जसूजा, डॉ. नितिन मालवीय, डॉ. श्वेता सिंह ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणाम और इससे बचने को जागरूक किया। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पीयूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को तंबाकू न खाने और किसी अन्य को भी खाने से रोकने की शपथ दिलाई। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्राची भारद्वाज ने तंबाकू निषेध दिवस के बारे में जानकारी दी। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.आरपी सिंह ने तंबाकू को जानलेवा बताया। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डॉ.अरविंद चौहान, डॉ.राशिका सचान, डॉ.अदादि श्रीनिवास नायडू आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### कन्या के विवाह के लिए सखी क्लब ने जुटाई मदद



**बरेली, अमृत विचार :** सखी लेडीज क्लब की ओर से शनिवार को कार्यक्रम में एक परिवार की कन्या के विवाह में मदद सामग्री दी गई। क्लब की सदस्य रचना ने बताया वैसे तो लड़कियां अपना भाग्य लेकर आती हैं और उनके विवाह समारोह में जो भी कुछ परिवार वाले करते हैं वह उनका अच्छा सोचकर ही करते हैं परंतु कुछ लोगों के पास इतना सामर्थ्य नहीं होता कि वह अपनी कन्या को अच्छे से शादी कर पाएं। ऐसा ही एक परिवार सखी लेडीज क्लब के संज्ञान में आया और पूरे क्लब के सदस्यों ने भी पूरे उत्साह से उनकी मदद की।कार्यक्रम में रिचा ज्योति, शिल्पी, शिवांगी,आयुषी, मुस्कान, किरण, सीमा, शीलू त्रिपाठी, झरना आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

### साई सुखदा को मिली डीएनबी नेफ्रोलोजी की मान्यता

**बरेली, अमृत विचार :** साई सुखदा हॉस्पिटल ने सुपर स्पेशलाइजेशन डीएनबी की सीट्स की मान्यता प्राप्त करते हुए एक और सफलता अपने नाम की है। हॉस्पिटल को डीएनबी नेफ्रोलॉजी की लिए मान्यता प्राप्त हुई है। जिसके बाद अब हॉस्पिटल इसी साल सुपर स्पेशलाइजेशन सेकंड राउंड काउंसलिंग में भागीदारी करेगा। मान्यता हॉस्पिटल को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन से मिली है, जो विद्यार्थी इस बार की सुपर स्पेशलाइजेशन सेकंड राउंड काउंसलिंग में भाग लेना चाहते हैं, वे साई सुखदा का आप्शन ले सकते हैं। यह जानकारी WWW.accr.natboard.edu.in पर भी ले सकते हैं। संस्थान के चेयरमैन डॉ. शरद अग्रवाल ने सभी कर्मचारियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल किडनी की बीमारी का एकमात्र समर्पित हॉस्पिटल है।

### नवीनतम शोधों, तकनीकों व बदलावों पर व्याख्यान

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स में देश के नामचीन अस्थि रोग विशेषज्ञों ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी दी। इंडियन आर्थोस्कोपी सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस पहले कोर्स आईएएस वन में आर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में अस्थिरोग विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता डॉ.राजीव रमन ने कोर्स को लाभप्रद बताया। चेयरमैन देव मूर्ति ने युवाओं में फास्ट ड्राइविंग के प्रति बढ़ते रुझान और इससे होने वाले हादसों की स्थिति को गंभीर बताया। आर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख प्रो. संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। प्रो. अपसर खान ने आभार जताया। संचालन डॉ.राहुल ने किया। डॉ.राजीव रमन, डॉ.आशीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ.विनीत जैन, डॉ.धनंजय शबत, डॉ.समीर वर्मा, डॉ.पुनीत अग्रवाल, डॉ.जफर इकबाल, डॉ.नीरज प्रजापति, डॉ.रोहिल मेहता ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और बदलावों पर व्याख्यान दिया। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.आरपी सिंह, डॉ.विनोद पागरानी, डॉ.प्रमेंद्र महेश्वरी, डॉ.एसके कौशिक, डॉ.प्रदीप पांडेय, डॉ.आलोक शर्मा मौजूद रहे।






# टशनबाजी में दोस्तों ने दुग्ध पार्लर संचालक के सीने में मारी थी गोली

## पुलिस मुठभेड़ में चारों आरोपी गिरफ्तार, दो हत्यारोपियों के पैर में लगी गोली

संकित हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सम्राट अशोक नगर निवासी पराग दुग्ध पार्लर संचालक संकित चौहान (26) की हत्या उसके चार दोस्तों ने की थी। हत्या मामूली विवाद के बाद बड़ा गुंडा बनने की टशनबाजी में की गई। पहले सभी दोस्तों ने साथ में जाम छलकाए, उसके बाद तीन ने उसे पकड़ा और एक ने सीने में गोली मार दी। मुठभेड़ में चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसमें दो के पैर में गोली लगी है। आरोपियों की पहचान चनहेटा निवासी जावेद, केसरपुर, भुता निवासी अमन उर्फ रितिक, मुड़िया अहमद नगर निवासी आशीष उर्फ सोमू और ग्राम सरकड़ा, फरीदपुर निवासी अंशू के रूप में हुई है।

एसपी सिटी कार्यालय में एसपी सिटी मानुष पारिक और सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने शनिवार को पराग दुग्ध पार्लर संचालक की हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि सम्राट अशोक नगर निवासी संकित चौहान की गुरुवार की देर रात हुई हत्या के खुलासे के लिए थाना पुलिस और एसओजी समेत पांच टीमें लगाई गई थीं। पुलिस टीम शुक्रवार की देर रात क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी बीच जानकारी मिली कि संकित की हत्या करने वाले चारों आरोपी दो बाइक से कठपुला पुल के पास से निकलने वाले हैं। पुलिस टीम ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान मनपुरिया मार्ग कब्रिस्तान की ओर से दो बाइकों पर आते दिखाई दिए।

एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस टीम ने दोनों बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया, लेकिन, दोनों बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो अमन उर्फ रितिक और जावेद के पैर में गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने अन्य आरोपी आशीष उर्फ सोमू और अंशू को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से दो तमंचा और दो बाइकें बरामद की हैं। चारों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

**चारों हत्यारोपियों के खिलाफ दर्ज हैं गंभीर आपराधिक मामले :** सीओ प्रथम ने बताया कि हत्यारोपी अमन ने दो माह पहले एक डांस टीचर से प्रेम विवाह किया था। आरोपी अमन उर्फ रितिक लूट और हत्या के मामले में करीब पांच साल जेल में रहा। एक वर्ष पहले जेल से जमानत पर बाहर आया था। जेल से बाहर आने के बाद से रामपुर में मजदूरी करता था। फिलहाल मौजूदा समय में बेरोजगार है। उस पर हत्या समेत 10 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जावेद हाईस्कूल फेल है और जेल से बाहर आने के बाद से बेरोजगार है। इस पर छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आशीष उर्फ सोमू इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहा है। पिता की पर्दे की दुकान है। इस पर हत्या और हत्या के प्रयास के दो मुकदमे दर्ज हैं। संकित के दुग्ध पार्लर के पास ही अंशू नर्सरी चलाता है। नौवीं पास है। इस पर भी दो मुकदमे दर्ज हैं।


गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते एसपी सिटी और सीओ प्रथम।


मुठभेड़ में घायल आरोपी।


मुठभेड़ में घायल आरोपी।

### शराब पीकर घर गया, तमंचा लाकर मारी गोली

एसपी सिटी के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि संकित चौहान की हत्या होने से पहले आरोपी जावेद, अमन उर्फ रितिक, आशीष उर्फ सोमू चनहेटा स्थित दुकान से शराब खरीदकर एक साथ जाम छलकाए। इसके बाद तीनों आरोपी दोस्त संकित चौहान से मिलने उसके पराग दुग्ध पार्लर पर पहुंचे। यहां पर अंशू पहले से संकित के साथ मौजूद था। आरोप है कि संकित और अमन दोनों ही जिद्दी प्रवृत्ति के थे। दुकान पर ही संकित और चारों आरोपियों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। चारों ने वहीं मन बना लिया कि संकित को दिखाते हैं कि कौन बड़ा गुंडा है। साजिश के तहत चारों आरोपी संकित चौहान को विश्वास में लेकर शराब पीने के बहाने साथ ले गए। आरटीओ कार्यालय के पास सभी ने सिगरेट समेत अन्य सामान खरीदा और दोबारा से शराब पी। आरोपी अमन ने कहा कि वह अभी आ रहा है। इसके बाद डिफेंस कालोनी स्थित घर से तमंचा लेकर आया और संकित चौहान को ग्राम पंचायत कार्यालय मोहनपुर से आगे ले जाकर तीन ने उसे पकड़ लिया और अमन ने सीने में गोली मारकर हत्या कर दी।

# सवारी बैठाने के विवाद में कार को किया क्षतिग्रस्त

**फरीदपुर अमृत विचार :** सवारी बैठाने को लेकर ईको और टैक्सी चालक में मारपीट हो गई। टैक्सी चालक ने साथियों के साथ फरीदपुर में कार को घेरकर क्षतिग्रस्त कर दिया। शाहजहांपुर के गांव बिलहरा निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया शनिवार को वह सेटेलाइट से ईको में सवारी बैठा रहे था, तभी वहां टैक्सी चालक तिलहर के ही मोहल्ला जोर बरगद निवासी गुलफाम से विवाद हो गया। इसके बाद वह वहां से चल दिए। दोपहर 1:30 बजे गुलफाम अपने 10-12 साथियों के साथ बकैनिया क्रॉसिंग के पास उसे घेरा।

# सेवानिवृत्त डिप्टी एसपी को दो बेटों ने पीटा, रिपोर्ट

- न्यायालय में चल रहा है पिता-पुत्रों के बीच का विवाद

**बरेली, अमृत विचार :** न्यायालय परिसर से बाहर निकलते ही सेवानिवृत्त डिप्टी एसपी के साथ उनके दो बेटों ने जमकर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा के बाद लोगों की भीड़ जमा होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों बेटों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साथ ही दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रामपुर गार्डन निवासी सेवानिवृत्त डिप्टी एसपी सीएल शर्मा ने बताया कि उनके दो बेटे पवन और प्रेमदेव निवासी गुड़गांव के साथ न्यायालय में वाद चल रहा है। इसमें शनिवार को न्यायालय में तारीख थी। आरोप है कि शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे न्यायालय से निकलकर बाहर रोड पर पहुंचे। जहां पर पवन व प्रेमदेव ने घेर लिया और गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने किसी तरह से उन्हें बचाया।

# रामगंगा में नहा रहा किशोर डूबा, परिजन परेशान

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रामगंगा में नहा रहा युवक डूब गया। जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीण उसकी तलाश जुटे हुए हैं। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को बुलाया है। अलीगंज थाना प्रभारी राजित राम ने बताया थाना सीबीगंज के गांव केतारा निवासी देवेंद्र (17) गांव के अन्य बच्चों के साथ राम गंगा किनारे जानवर चरा रहा था, शाम 4 बजे गर्मी से राहत के लिए वह रामगंगा नदी में नहाने लगा, नहाते समय वह थाना अलीगंज क्षेत्र के गुजरयाई क्षेत्र में काफी गहरे पानी में जाने से डूब गया। यह देख वहां मौजूद दो बच्चे शोर मचाते हुए खेतों में काम करें लोगों के पास पहुंचे। जानकारी होते ही खेतों में काम कर रहे ग्रामीण उसकी तलाश में राम गंगा में उतरे, लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं चला। सूचना पर गैनी चौकी इंचार्ज सुनील भारद्वाज थाना प्रभारी निरीक्षक राजित राम सीओ आवला नितिन कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से देवेंद्र को तलाश कराना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है रात में अंधेरे के कारण टीम देवेंद्र का रेस्क्यू नहीं कर सकती, इसलिए रविवार सुबह टीम उसे खोजेगी। फिलहाल ग्रामीण देवेंद्र की तलाश में जुटे हुए हैं । देवेंद्र दो भाइयों में बड़ा था और उसने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।




# बाजार गई महिला के जेवर ले उड़े टप्पेबाज, रिपोर्ट दर्ज

- शहामतगंज इलाके में ऑटो सवार महिला को बनाया ठगी का शिकार
- टप्पेबाजों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर रही पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के शहामतगंज इलाके में महिला से शातिर ठगों ने टप्पेबाजी करते हुए करीब 2.25 लाख रुपये के जेवर ठग कर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एमईएस कॉलोनी निवासी जावित्री देवी ने बताया कि वह शुक्रवार शाम करीब सात बजे शहामतगंज बाजार से खरीदारी कर लौटने के लिए ऑटो में बैठी थीं। इसी बीच दो-तीन युवक आ गए। बोले कि मैडम यहां चोर बहुत घूम रहे हैं। इसी बीच एक अन्य युवक आया और उसे डरा-धमकाकर कहा कि आसपास चोर घूम रहे हैं, इसलिए गहने संभालकर रखें। महिला का आरोप है कि उस युवक ने चालाकी से उसका मंगलसूत्र और कानों के कुंडल उतरवाकर खुद ही उसके पर्स में रखवाए और चलने को कहा। जब महिला को शक हुआ और उसने अपना पर्स वापस मांगा तो युवक भाग निकले। पर्स खोलने पर गहने गायब मिले। गहनों की कीमत करीब 2.25 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रोफेसर पत्नी से दहेज में मांगे 25 लाख रुपये विरोध पर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र की रहने वाली राजकीय महिला महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर से पति व ससुरालियों ने दहेज में 25 लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि विरोध करने पर ससुरालियों ने उनके साथ मारपीट की। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने मामले में प्रोफेसर पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पंचशीलनगर निवासी डॉ. भावना सिंह ने बताया कि उनका विवाह 9 दिसंबर 2021 को मेरठ निवासी डॉ. दलीप कुमार से हुआ था, जो अमरोहा के राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं। जबकि वह राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं में सहायक प्रोफेसर हैं। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर 13 जून 2024 को ससुरालियों ने उन्हें पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# महिला का नकदी से भरा बैग छीन ले गए झपट्टामार

- पीड़िता की शिकायत पर किला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- बैग में एक लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन भी था
- पुलिस का दावा- जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में झपट्टा मार गिरोह का आतंक कायम है। किला पुल के नीचे कार में बैठने जा रही महिला का बैग छीनकर दो झपट्टामार फरार हो गए। पीड़िता ने थाना किला में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि बैग में एक लाख रुपये और मोबाइल फोन तथा क्रेडिट कार्ड रखे थे।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बिहारमान नगला मुंशी नगर निवासिनी शालू वर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे वह किशन कुमार ज्वैलर्स के यहां खरीदारी करने के लिए आईं थीं। दुकान से वापस जाते समय जब वह कार में बैठ रहीं थीं। इसी दौरान पीछे से आया एक युवक उनका बैग छीनकर भागने लगा। उन्होंने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन तभी आरोपी का साथी आया और उसे बाइक पर बैठाकर तेज गति से भाग गया। शालू ने बताया कि उनके बैग में एक लाख रुपये नगद, एक मोबाइल, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। शिकायत पर किला पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मदरसा प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बहाने से शिक्षिका को मदरसे में बुलाकर छेड़छाड़ करने के आरोपी प्रबंधक पर रिपोर्ट दर्ज हो गई। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी एक मदरसे में पढ़ाने जाती थी। जुमे पर छुट्टी होती है, बावजूद मदरसा मालिक जुबैर उर्फ मुन्ने निवासी वार्ड 14 का फोन आया और मदरसे में जरुरी काम के बहाने बुलाया। जब वह घर नहीं पहुंची तो मैं पत्नी के साथ वहां पहुंचा तो वहां वह बेहोश थी।

# फाइनेंस कंपनी के डायरेक्टर के घर रात भर जमे रहे लोग

- देर रात परिवार को घर से निकाल कर ले गई पुलिस, सुबह लोग हटे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पिछले तीन दशकों से आम लोगों की मेहनत की कमाई को एफडी और आरडी स्कीमों के नाम पर जमा कर रही अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के डायरेक्टर सिंधु नगर निवासी शशिकांत के घर पूरी रात दो दर्जन से अधिक लोग जमे रहे। माहौल खराब होता देख पुलिस डारेक्टर के परिजनों को घर से निकाल कर अपने साथ ले गई। पुलिस को किसी पीड़ित ने कोई तहरीर नहीं दी। उधर, डारेक्टर अपनी साठ-गांठ में लगे रहे।

बता दें कि कंपनी पर आरोप है कि उसने करीब 20 हजार से ज्यादा ग्राहकों से एफडी और अन्य योजनाओं के जरिए करोड़ों रुपये जमा करवाए और अब भुगतान से बच रही है। करीब 15 हजार खाताधारकों को लगभग एक अरब रुपये मिलने हैं, जिनकी मेच्योरिटी एक साल पहले ही पूरी हो चुकी थी। कटरा चांद खां मोहल्ले में कंपनी मालिक के घर के बाहर भीड़ ने प्रदर्शन किया। दो दर्जन से अधिक लोगों ने शुक्रवार की देर रात तक उनके घर के बाहर डेरा जमाए रहे। साथ ही नारेबाजी और प्रदर्शन करते रहे। पुलिस ने माहौल को भांपते हुए डायरेक्टर और उसके परिवार के लोगों को वहां से हटा कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उधर तहरीर न मिलने के कारण पुलिस भी कार्रवाई करने से किनारा कर ली। जबकि, डारेक्टर के घर के सामने भाजपा नेता की लगे बोर्ड पर लिखे गए नाम और पद के ऊपर पेंट कर दिया गया है।

# सड़कें दो सालों में उखड़ीं, प्रधान के अधिकार सीज

- निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर किया पौने दो लाख का गोलमाल
- बराथानपुर का मामला, सचिव वीडीओ, जेई समेत सात ठहराए गए जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बराथानपुर में सीसी सड़कों और नाली निर्माण के कार्यों में घपले का मामला सामने आया है। मानकों के विपरीत सामग्री लगाने से दो से तीन साल में ही सड़कें टूट गईं और नाली उखड़ गईं। जांच में पौने दो लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता पकड़ी गई। मामले में प्रधान, सचिव, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, अवर अभियंता समेत सात लोग दोषी पाए गए। प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए हैं।

ग्राम पंचायत निवासी राजेश, जगत सिंह, सुखवीर ने विकास कार्यों में सरकारी धन हड़पने और पद के दुरुपयोग की शिकायत की थी। जांच के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई को लेकर कमेटी गठित की गई थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2022-23 में कराए गए सीसी निर्माण की जांच में गुणवत्ताविहीन सामग्री का इस्तेमाल होना पाया गया। दो से तीन सालों में ही सीसी सड़क की ऊपरी सतह उखड़ गई है। जगह-जगह गड्ढे मिले हैं। नाली के निर्माण में गुणवत्ताविहीन ईंटों का प्रयोग किया गया है। जांच टीम ने पाया कि निर्माण कार्य में व्यय की गई धनराशि के 10 प्रतिशत के हिसाब से सरकारी धन का गोलमाल किया गया है। जांच टीम को कार्यों की पत्रावली भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं। ग्राम प्रधान का इस संबंध में दिया गया जवाब भी संतोषजनक नहीं पाया गया है।

कमेटी ने मामले में 1 लाख 60 हजार 773 रुपये के गबन का दोषी प्रधान रीता देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी लवश्रेष्ठ, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक सिंह, आकाश सागर, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप, धुरेंद्रवीर सिंह, आरईडी के अवर अभियंता को ठहराया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम अविनाश सिंह ने प्रधान रीता के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को सीज करने के आदेश दिए हैं। अंतिम जांच उप निदेशक कृषि और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-1 को सौंपी है। जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट मांगी है।

# धर्म परिवर्तन की फैलाई अफवाह

**बरेली, अमृत विचार :** शहर की महिला सामाजिक कार्यकर्ता के धर्म परिवर्तन की अफवाह सोशल मीडिया पर फैला दी गई। इसके बाद महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया पर अफवाह का खंडन किया है। तीन तलाक पीड़ित महिलाओं के लिए संगठन चलाने वाली महिला सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर अफवाह फैलाई की उन्होंने सनातन धर्म अपना लिया है। इसके बाद महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने उस अफवाह का खंडन करते हुए कहा है कि मेरी लड़ाई धर्म से नहीं बल्कि समाज की कुरीतियों से है। मेरा जो नाम है वही रहेगा।



# इतिहास से बड़ा होता है लोक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गईं थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं की। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोली। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चैंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गर्वनेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।

भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीड़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।

सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अत: यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों (होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार-प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थेलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### बिना अनुमति होर्डिंग पर प्रत्याशी लिखाने पर सपा कार्यकर्ता को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के कठर्रा निवासी नासिर अंसारी की ओर से जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी होने का होर्डिंग लगाने के मामले में नोटिस जारी की गई है। नासिर ने होर्डिंग में खुद को जिला पंचायत के वार्ड नंबर 12 से प्रत्याशी लिखवा रखा है। इसकी फोटो जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप के पास आई। उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए नोटिस जारी करने के आदेश दिए। इस पर जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने नासिर को नोटिस जारी कर कहा है कि बिना पार्टी नेतृत्व की अनुमति के कैसे खुद को प्रत्याशी लिख दिया है, यह घोर अनुशासनहीनता को दर्शाता है। जिला कोषाध्यक्ष ने बताया नासिर सपा का कार्यकर्ता है। बिना अनुमति ऐसा करने पर सात दिन में जवाब मांगा गया है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर राष्ट्रीय नेतृत्व को छह साल के लिए निष्कासित करने के लिए सिफारिश की जाएगी।

### खाते खुलवाकर ठगी करने वाले पांच ठग पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** नौकरी दिलाने का झांसा देकर पंजाब के युवक से लाखों रुपये की ठगी करने वाले पांच साइबर ठगों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि पंजाब के गांव खुब्बन जिला फाजिल्का निवासी अर्जुन सिंह ने साइबर थाना बरेली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि एजाज नगर गौटिया निवासी मोहम्मद आकिब, आमिर, पीरबहोड़ा थाना इज्जतनगर निवासी कासिम, सैदपुर खजुरिया थाना कैंट निवासी हसीन खान और फतेहगंज पश्चिमी के गांव धंतिया निवासी महफूज ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर बरेली बुलाया। यहां आरोपियों ने उसके तीन चालू खाते खुलवाए। इसके बाद खाते की चेक बुक, एटीएम कार्ड, खाता में लिंक मोबाइल नंबर और सिम ले लिया और आरोपी साइबर अपराध करने लगे। जानकारी मिलने पर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साइबर थाना पुलिस ने शनिवार की देर शाम पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# अरशद की अंजुमन को मिला था प्रथम स्थान, इसलिए रंजिश मानने लगा आरोपी

## इस साल आमिर पहले अंजुमन उठाना चाह रहा था, इसी रंजिश में अरशद की हुई हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अरशद की अंजुमन को पहला पुरस्कार मिलने के बाद से शुरू हुई रंजिश इस साल पहले अंजुमन उठाने की तकरार तक बहुत ही नाजुक मोड़ पर पहुंच गई। अरशद के पहले अंजुमन उठाने को लेकर अड़े रहने पर पिता-पुत्र ने दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

बारादरी के कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जहीर अहमद उर्फ बच्चू ने बताया कि करीब आठ माह पूर्व उनके बेटे अरशद अली और आमिर ने अलग अलग अंजुमन निकाली थी। उनके बेटे ने पहले अंजुमन उठाई थी, जबकि आमिर ने बाद में।

निर्णायक मंडल की टीम ने अरशद की अंजुमन को प्रथम स्थान दिया, जबकि आमिर की अंजुमन तीसरे स्थान पर भी नहीं पहुंच सकी थी। इस बार आमिर पहले अंजुमन उठाना चाह रहा था। उसने कहा कि आने वाले समय में वह पहले अंजुमन उठाएगा और इसके बाद अरशद की अंजुमन उठेगी, लेकिन अरशद ने ऐसा करने से मना कर दिया। इससे आमिर और उसका बेटा फरमान रंजिश मानने लगे।

उन्होंने बताया कि अरशद 10-15 दिन पहले एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहां आमिर और उसका बेटा फरमान भी पहुंचे थे। तब आमिर और उसके बेटे ने गालियां देते हुए अरशद को देख लेने की धमकी दी थी। विरोध करने पर दोनों मारपीट पर उतारू हो गए थे। उस वक्त लोगों ने बीच बचाव कर दिया, लेकिन आमिर और फरमान बार-बार अरशद को जान से मारने की धमकी देत रहे थे।



अरशद के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार



घटना के बाद मकान में ताला डालकर भाग गया आरोपी का परिवार।

### अवैध संबंधों के शक की बात भी आई सामने

कुछ लोगों ने बताया कि आमिर को शक था कि अरशद के अवैध संबंध उसकी पत्नी से हैं। इसी वजह से वह अरशद से रंजिश मानता था। कई बार अरशद को देख लेने की बात भी उसने कही थी, लेकिन अरशद हमेशा खुद को बेकसूर बताता था, जबकि आमिर उससे रंजिश मानता था। लोगों ने बताया कि ये आरोपी ने अंजुमन के विवाद के अलावा अवैध संबंधों के शक की वजह से भी रंजिश मानता था।

### बचाव के लिए अरशद ने किया संघर्ष

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्यारोपी आमिर और उसका बेटा फरमान पहले अरशद को गली से पकड़ कर अपने किराये के मकान के पास ले गए। वहां उसके साथ दोनों ने मारपीट की। इसके बाद मकान के सामने दो कदम की दूरी पर चाकू से उसके सीने पर वार कर दिया। इस दौरान अरशद ने बचाव का प्रयास किया, जिससे उसके हाथों में भी चोट लगी है। सीने के अलावा अरशद के नाजुक अंगों पर भी चाकू से वार की बात सामने आ रही है। अरशद को चाकू मारकर मरणासन्न हालत में करने के बाद आमिर ने चाकू घटनास्थल पर ही फेंक दिया।

### कारीगर पर हमला कर चुका है आमिर

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि आमिर दबंग किस्म का है। वह अक्सर लोगों से लड़ाई-झगड़ा करता रहता है। उसके पांच बेटे हैं। वह भी उसी के नक्शे कदम पर चलते हैं। पांच माह पूर्व आमिर का एक जरी कारीगर से विवाद हो गया था। तब उसने उस पर जानलेवा हमला किया था। कारीगर के हाथ पैर टूट गए थे और सिर में भी चोटें आईं थी, लेकिन बाद में दोनों के बीच समझौता हो गया था। आरोप है आमिर की दबंगई के कारण लोग उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का भी साहस नहीं जुटा पाते हैं।

### आरोपी की पत्नी बोली आमिर ने किया कत्ल घटनास्थल पर मिला चाकू

पुलिस का दावा है कि हत्यारोपी आमिर की पत्नी ने स्वयं स्वीकार किया है कि उसके पति ने ही अरशद की चाकू से गोदकर हत्या की है। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो आरोपी आमिर की पत्नी से घटना के बारे में जानकारी की। आमिर की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसके पति आमिर ने ही हत्या की है। पुलिस को घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी मिला है। पुलिस आमिर के साथ उसके बेटे फरमान उर्फ फरू को भी तलाश कर रही है।

### बेटे की मौत से टूट गए जहीर

जहीर अहमद उर्फ बच्चू और उनकी पत्नी रहीसन बेटे की मौत से काफी टूट गए हैं। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जहीर अहमद ने बताया कि उनका बेटा जरी जरदोजी का कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता था। अंजुमन के जुलूस को लेकर इतनी रंजिश बढ़ जाएगी यदि यह पता होता तो वह कभी बेटे को जुलूस निकालने की सलाह नहीं देते। वहीं अरशद के भाई दानिश अली और मोनिस अली का रो रोकर बुरा हाल है। अरशद की मौत के बाद उनके घर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उनके घर पर पहुंच गए।

> जांच में प्रथमदृष्टया हत्या की वजह अवैध संबंधों के शक में सामने आई है। मृतक के शरीर में कहां कहां चाकू के घाव हैं, इसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चलेगा। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।
>
> **-पंकज श्रीवास्तव**, सीओ तृतीय

## देवरानी ने जेठानी से पांच लाख की मांगी रंगदारी

- रुपये न देने पर फोटो एडिट करके सोशल मीडिया पर दी वायरल करने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने देवरानी पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रेमनगर के मोहल्ला भूड़ निवासिनी पल्लवी ने आरोप लगाया कि उनके देवर करन ने अमृत कौर से प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ दिनों बाद मतभेद होने पर दोनों अलग-अलग रहने लगे। इसके बाद अमृत कौर ने करन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद भी अमृत कौर उनके पति शिवम सक्सेना, देवर रितेश, देवरानी रिया के साथ गाली गलौज करती है।

व्हाट्सएप पर भद्दे स्टेटस लगाती है। समझाने पर लड़ती है। अमृत कौर ने धमकी दी है कि जिस तरह से उसने करन के पोस्टर लगवाए थे। उसी तरह से वह उनके फोटो चस्पा करा देगी। ये ही नहीं सोशल मीडिया पर फोटो एडिट करके वायरल करने की धमकी दी है। अमृत कौर ने धमकी दी है कि यदि बचना चाहते हो तो पांच लाख रुपये दो। पल्लवी ने बताया कि आरोपी देवरानी उनका व उनके परिवार का अहित कर सकती है। एसएसपी के निर्देश पर प्रेमनगर पुलिस ने अमृत कौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

- धमकी देने के आरोपी दो भाइयों को तीन वर्ष कैद
- स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने सुनाई सजा

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दो वर्ष की बच्ची संग दुष्कर्म करने के आरोपी थाना शाही के ग्राम केरा निवासी झुंडे भारती उर्फ श्याम लाल भारती को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं धमकी देने के आरोपी सुरेश भारती और नंदकिशोर भारती को तीन-तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा, कुलदीप श्रोतिया ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना शाही में तहरीर देकर बताया था कि 25 मार्च 2022 को करीब 12 बजे खेत से घर आ रहे थे। रास्ते में दुकान के पास पहुंचे तो झुंडे भारती की बैठक के कमरे से बच्ची के रोने की आवाज आई तो उन्होंने बैठक का दरवाजा खटखटाया, जो अंदर से बंद था। बच्ची के रोने की आवाज दोबारा आने पर दरवाजे को धक्का दिया तो खुल गया। वहां उनकी दो वर्षीय पुत्री चारपाई पर बदहाल अवस्था में पड़ी थी। उसके पास में अर्धनग्न अवस्था में झुंडे भारती बैठा था।

झुंडे को पकड़ने की कोशिश की तो मौके पर मौजूद उसके भाई सुरेश भारती और नंदकिशोर भारती आ गए और जबरन झुंडे को छुड़ाकर ले गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। इसके बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने 9 गवाह पेश किए थे।

### किशोरी से छेड़छाड़ में दो भाइयों को तीन वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी थाना भमोरा के ग्राम कोहनी प्रतापपुर निवासी सुरजीत, गुरजीत सगे भाइयों को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने तीन-तीन वर्ष कारावास और प्रत्येक को 1-1 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया कि 25 अक्टूबर 2013 की सुबह 7 बजे उनकी पुत्री शौच को जंगल जा रही थी, तभी रास्ते में सुरजीत और गुरजीत मिले, जिन्होंने ईख के खेत में पुत्री को बुरी नियत से पकड़कर छेड़छाड़ की। खेतों में काम कर रहे लोगों के पहुंचने पर दोनों धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने छेड़छाड़, धमकी देने, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। इसके बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने मामले में छह गवाह पेश किए।

## सात वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में सात वांछितों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस ने थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी मुरारी, संतोष और पप्पू को मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए पकड़ा। इस्माइलपुर गांव के ही श्रीपाल को 20 देसी शराब के पौवा एवं महाराज सिंह को 12 शराब के पौवा सहित गिरफ्तार। वहीं अतरछेड़ी गांव निवासी सुमन और कमलेश को 2017 के एक मामले में वांछित होने पर गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पिकअप लेकर युवक भागा, खुद को बताया सांसद का पीए

- आरोपी युवक ने पीड़ित से ठगे 4.5 लाख, एडीजी के आदेश पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में युवक से साढ़े चार लाख रुपये की ठगी कर ली गई। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हर माह 30 हजार रुपये के किराये पर जून 2022 में बोलेरो पिकअप ठेके पर दी गई थी, लेकिन आरोपी ने न तो किराया दिया और न ही गाड़ी लौटाई। साथ ही खुद को सांसद का पीए बता कर धमकी भी दी। एडीजी रमित शर्मा के आदेश पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के पूर्वांचल नगर निवासी मयूर वाडला ने बताया कि उन्होंने अपने रुपये मांगने शुरू किए तो रुद्रपुर निवासी ब्रजेश मिश्रा मध्यस्थ बनकर सामने आए। उसने खुद को राधा स्वामी मंदिर का पुजारी और सांसद का पीए बताकर भरोसा दिलाया कि वह सारे रुपये दिलावा देंगे। आरोप है कि ब्रजेश मिश्रा ने पीलीभीत के एक दरोगा का नाम लेकर 40 हजार रुपये वसूले और कुछ समय बाद कहा कि दरोगा की डेंगू से मौत हो गई। आरोप है कि दूसरे दरोगा के नाम पर 42 हजार रुपये और वसूले। इसके बाद यज्ञ और पूजा के नाम पर डेढ़ लाख रुपये नकद ले लिए। कृष्णा मौर्य के रिश्तेदार हरपाल मौर्य के माध्यम से 4.5 लाख रुपये आरटीजीएस से ट्रांसफर कराने का झांसा देकर 6,300 रुपये और वसूले गए। काफी दबाव डालने पर ब्रजेश मिश्रा ने 3.80 लाख रुपये के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए। आरोपी ने 22 मार्च को फोन पर हुई बातचीत में मयूर वाडला को 29 मार्च को रुद्रपुर बुलाया, लेकिन गलत पता दे दिया। दोबारा फोन करने पर ब्रजेश मिश्रा ने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि गायब कर दूंगा, लाश भी नहीं मिलेगी। एडीजी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बॉक्सिंग मंडलीय ट्रायल में अन्य जिलों से नहीं पहुंचा कोई खिलाड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** बॉक्सिंग का हाल जिले में ही नहीं मंडल में भी खराब होता जा रहा है। शनिवार को आयोजित मंडल स्तरीय बॉक्सिंग ट्रायल जूनियर बालक-बालिका वर्ग में बरेली से ही केवल चार खिलाड़ी पहुंचे, जबकि अन्य जिलों शाहजहांपुर, बदायूं व पीलीभीत से कोई खिलाड़ी नहीं आया।

वहीं, बालिका वर्ग में चारों जिलों से कोई खिलाड़ी नहीं पहुंचा। ट्रायल में 63 किलो भार में अरिहंत चौधरी, 60 में जयवर्धन, 75-80 में अनमोल पांडेय और 80 से अधिक भार वर्ग में मानव आर्य ट्रायल में शामिल हुए।

# युवक की गोली मारकर हत्या में दो सेल्समैन को उम्रकैद

- गाड़ी में पेट्रोल डलवाने को लेकर हुआ था विवाद
- फरीदपुर में हाईवे पर पेट्रोल पंप पर हुई थी वारदात

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गाड़ी में पेट्रोल डलवाने को लेकर हुए विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कुमार गौरव ने थाना कैंट के नकटिया ग्रास मंडी निवासी बॉबी, थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम मलूकापुर निवासी जयवीर को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 35-35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इस प्रकरण में एक अन्य गार्ड वीरपाल को बरी कर दिया।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि लखनऊ के थाना बाजार खाला तालकटोरा लेबर कालोनी निवासी वादी मुकदमा प्रशांत द्विवेदी ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया था कि 9 अक्टूबर 2022 को समय करीब 11.30 बजे उसके मोबाइल पर शुभम वाजपेयी की कॉल आई, उसने बताया कि बड़े भाई अरविंद द्विवेदी अपनी कार से मुरादाबाद से लखनऊ के लिए चले थे, उसके भाई की गाड़ी में उनके दोस्त विनीत कुमार भी बैठे थे। विनीत की गाड़ी को लेकर लखनऊ के लिए चले थे। दोनों गाड़ी साथ-साथ ग्राम केसरपुर, फरीदपुर में हाईवे पर बने शहीद बलवंत सिंह पेट्रोल पंप पर तेल लेने के लिए 9.45 बजे रात रुकीं। उसके भाई ने पंप पर मौजूद दो सेल्समैन से तेल डालने के लिए कहा। सेल्समैन ने तेल देने से मना कर दिया, जब शिकायत पुस्तिका मांगी तो दोनों गालीगलौज की और मारपीट करने लगे।

मौके पर गार्ड आ गया, जिसके हाथ में बंदूक थी। पास आकर गार्ड ने सेल्समैन का नाम बॉबी कहकर पूछा क्या हुआ, तो बॉबी ने गार्ड का नाम वीरपाल लेकर कहा कि गोली मारने को कहा, तब गार्ड ने गोली नहीं मारी तो बॉबी ने कहा कि जयवीर तुम गोली मारो, तभी एकराय होकर जयवीर ने गार्ड की बंदूक लेकर उसके भाई अरविंद कुमार द्विवेदी को गोली मार दी, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद दोनों गाड़ी पर डीजल छिड़क दिया, मौके पर मौजूद शुभम व विनीत पर भी डीजल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया।

शुभम व विनीत बमुश्किल भाग निकले। पुलिस ने दोनों सेल्समैन और गार्ड के विरुद्ध हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, अपमानित करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने 11 गवाह और 35 सबूत कोर्ट में पेश किए।









## नैक ए ग्रेड यूनिवर्सिटी का 'कमाल' बिना प्रश्न हल किए दे दिए नंबर

- अब्दुल रज्जाक लॉ कॉलेज के छात्र ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दी लिखित शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला है अब्दुल रज्जाक लॉ कालेज का। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र को उस प्रश्न के भी अंक दे दिए गए, जिसे उसने हल ही नहीं किया था। छात्र ने कम अंक आने पर पुनर्मूल्यांकन बाद आरटीआई में अपनी कॉपी देखी तो वह दंग रह गया। छात्र की लिखित शिकायत के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

अमरोहा के अब्दुल रज्जाक लॉ कॉलेज में एलएलबी के छात्र ने आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में शिकायत दर्ज करवाई है। छात्र के अनुसार, उसने प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में प्रश्न संख्या आठ को हल नहीं किया था। इसके बावजूद उसे अंक दे दिए गए। छात्र ने बताया कि उसने उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन नहीं होने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में पहुंचने पर तैनात कर्मियों ने बताया कि ऑनलाइन कापियां जांचने के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं में कोई लिखित मूल्यांकन नहीं होता है, जबकि नंबरों को ऑनलाइन ही अपलोड किया जाता है, लेकिन जब पुनर्मूल्यांकन के बाद आरटीआई के तहत कापी में द्वितीय खंड के प्रश्न आठ के सामने पूर्णांक के 15 और प्राप्तांक 7 लिखा मिला, तो वह हैरान रह गया, जबकि प्रश्न संख्या आठ उसने हल ही नहीं किया था। रुविवि के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच की बात कही है।

### पाइप आने के इंतजार में हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद



**बरेली, अमृत विचार :** जगतपुर मोहल्ले में पानी की टंकी के पास बैंड पाइप लाइन खराब होने से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नगर निगम के पास बैंड पाइप लाइन न होने के कारण मरम्मत नहीं हो पा रही है। लोग पानी के लिए गर्मी में परेशान हो रहे हैं। गर्मी में पेयजलापूर्ति की मांग बढ़ गई है। जिन जगहों पर पाइप लाइन लीकेज हो जा रही है, वहां उसे ठीक कराने में काफी समय लग रहा है। जगतपुर मोहल्ले के पानी की टंकी के नीचे नलकूप का पाइप करीब 20 दिनों से लीकेज हो रहा है। हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नगर निगम के जलकल विभाग के पास बैंड पाइप नहीं होने के कारण मरम्मत कार्य नहीं हो पा रहा है। जलकल विभाग नोएडा से बैंड पाइप आने का इंतजार कर रहा है। पार्षद प्रतिनिधि चंद्रपाल राठौर ने बताया कि पाइप लीकेज होने से मोहल्ले में पेजलापूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। लो प्रेशर के कारण लोगों के घरों में पानी धीमी गति से पहुंच रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद केवल एक ही जवाब मिल रहा है कि नोएडा से पाइप आने के बाद काम होगा। महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्य ने बताया कि जहां पानी की लाइन क्षतिग्रस्त की सूचना मिलती है, उसे तुरंत ठीक कराया जाता है। जगतपुर में पाइप लाइन लीकेज के लिए पाइप नोएडा से मंगाया जा रहा है।

## एक नजर

### किसान को सांड़ ने उठाकर पटका, घायल

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : फसल की रखवाली कर रहे किसान को शनिवार सुबह सांड़ ने उठाकर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे बचाया। वार्ड छह निवासी गुड्डू मौर्य ने बताया उनके पिता चंद्रसेन मौर्य शनिवार सुबह 4 :00 बजे फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान एक सांड़ ने उन्हें उठाकर पटक दिया। उनकी चीख सुनकर पहुंचे अन्य किसानों ने उन्हें बचाया।

### किराये पर चलाने को ले गया ई-रिक्शा, लेकर भागा

**भुता, अमृत विचार** : किराए पर ई–रिक्शा चलाने लेकर गया युवक भाग गया। पीड़ित ने इसकी तहरीर दी। बहादुरपुर निवासी शिवम गंगवार ने पांच माह पहले ई– रिक्शा खरीदा था। उसे बहनोई नरेश कुमार के यहां रह रहे धीरेंद्र निवासी ग्राम जतीपुर थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत को 500 रुपये प्रति दिन के हिसाब से किराए पर चलाने को दे दिया। धीरेंद्र ने कुछ दिन ई –रिक्शा चलाने के बाद पैसे भी दिए, 18 मई से धीरेंद्र 6000 किराये के रुपये और रिक्शा लेकर भाग गया है।

### सेवानिवृत्त वाहन चालक को दी विदाई

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ ने शनिवार को सिविल लाइंस स्थित नगर निगम के गैराज में कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त वाहन चालक शिवराज का विदाई दी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश ने छह लाख का चेक और पगड़ी पहना कर उन्हें सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष विजय कुमार मन्नू, महानगर अध्यक्ष राजेश कुमार, जिला महासचिव राजेंद्र कुमार, सुरेश शिंदे, जिला उपाध्यक्ष मनीष, कोषाध्यक्ष अरुण गौतम मोहन, पुष्पा पाल, विवेक, संजय, पुनीत, राकेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

### अतरक्षेड़ी होकर रोडवेज बस चलवाने की मांग

**आंवला, अमृत विचार** : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से गांवों से होकर रोडवेज बस सेवा शुरू कराने की मांग की गई है। संगठन ने परिहवन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। संगठन प्रदेश अध्यक्ष बृज क्षेत्र जय गोविंद सिंह ने बताया आंवला तहसील के अतरक्षेड़ी गांव समेत दर्जन भर गांवों के लोगों के लिए आवागमन की कोई सुविधा नहीं है। ग्रामीणों और किसानों को आंवला मुख्यालय और देवचरा मंडी जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बरेली से शाम 4 बजे बस सेवा शुरू कराकर आवागमन की समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा बस बरेली से चलकर चांढपुर, देवचरा, बिशारतगंज, अतरछेड़ी, निसोई होते हुए आंवला रोडवेज बस स्टॉप तक और सुबह 8 :30 बजे पुन: इसी रुट से बरेली तक चलाई जाए। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री ने क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज बरेली से फोन पर वार्ता कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए है।

# पुलिस चौकी के पास पूर्व प्रधान के घर बदमाशों ने बोला धावा

## सूचना देने के ढाई घंटे बाद पहुंची पुलिस, तहरीर बदलवाने का आरोप

संवाददाता, गुलड़िया / सिरौली

- तमंचे के बल पर घर वालों को नशा सुंघाकर की लूटपाट

**अमृत विचार:** पुलिस चौकी से करीब 30 मीटर पहले पूर्व प्रधान के घर पर बदमाशों ने धावा बोलकर नकदी और जेवर समेट ले गए। बदमाशों ने घरवालों को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। बदमाशों ने चार और मकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। परंतु घर वालों के जागने पर भाग निकले। सूचना देने के करीब ढाई घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

सिरौली के गांव नवाबपुरा निवासी पूर्व प्रधान प्रताप सिंह सागर ने बताया शुक्रवार रात 2 बजे परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी बीच 5 से 6 नकाबपोश तमंचे के साथ घर में घुस आए, आहट होने पर वह जाग गया। बदमाशों ने उसकी कनपटी पर तमंचा रखकर वहीं बैठा लिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने उसे



चोरी के बाद बिखरा सामान। ● अमृत विचार

और उसके घरवालों को नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोश कर दिया। सुबह होश में आने पर देखा तो बदमाश तीन कमरों को खंगालकर अलमारियों से सोने चांदी के जेवर और नकदी समेट ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि बदमाशों ने गांव के ही प्यारे वाल्मीकि, आराजी गांव निवासी रंजीत मौर्य, भगवान पाल, व्योंधन खुर्द गांव निवासी नेमचन्द मौर्य के घरों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। परंतु जाग हो जाने के कारण बदमाश वहां से बैरंग लौट गए। पीड़ित ने बताया चोरी की जानकारी सुबह करीब 5 बजे पुलिस को दी, परंतु ढाई घंटे के बाद पुलिस पहुंची। वहीं पुलिस ने तहरीर में बदलाव कराकर 6 बदमाशों के स्थान पर 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।सिरौली क्षेत्र में हाल ही में बदमाशों द्वारा पिपरिया उपराला गांव में दो और गनेशपुर गांव के छह घरों से चोरी और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त सूचना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। लोग रातों में जागकर अपने घरों की सुरक्षा करने पर मजबूर हैं।

> चोरी के आरोप में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रेकी कर चोरी की गई है। चोर ज्यादातर नए और खुले मकान को निशाना बना रहे हैं। टीमें गठित कर घटना का अनावरण किया जाएगा।
> –**रामरतन सिंह**, इंस्पेक्टर सिरौली

# लाइसेंस शुल्क लगाने से निजी स्कूल संचालकों में आक्रोश

संवाददाता, नवाबगंज

- प्रबंधकों ने विधायक से भेंटकर शुल्क खत्म कराने की मांग की

**अमृत विचार** : पहली बार जिला पंचायत की ओर से निजी स्कूलों पर लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किए जाने से निजी विद्यालय के प्रबंधकों में नाराजगी है।

शनिवार को प्रबंधकों ने विधायक डॉ. एमपी आर्य को पत्र देकर प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क को खत्म किए जाने की मांग की। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिला उपाध्यक्ष टीआर गंगवार के नेतृत्व में शनिवार को तहसील के निजी स्कूल संचालक विधायक के कैंप कार्यालय पहुंचे और उन्हें हस्ताक्षरयुक्त एक पत्र सौंपा। निजी स्कूलों के संचालकों ने कहा पहली बार जिला पंचायत ने उनके विद्यालयों पर लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किया है, जबकि वह मामूली शुल्क पर शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने लाइसेंस शुल्क से निजी विद्यालयों को मुक्त किए जाने की मांग की है। इस दौरान ढाकन लाल गंगवार, शोभाराम प्रजापति, सुरेन्द्र वीर गंगवार, दीपचंद गंगवार, रोहिताश कुमार, रूपेश, सुरेंद्र, नरेंद्र देव सहित दर्जनों निजी विद्यालयों के संचालक मौजूद रहे। विधायक ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### फरीदपुर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**फरीदपुर, अमृत विचार** : निजी विद्यालयों पर प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क के विरोध में दर्जनों स्कूल संचालकों ने विधायक डॉ. श्याम बिहारी को ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल पहले ही सीमित संसाधनों में चल रहे हैं। ऐसे में अतिरिक्त लाइसेंस शुल्क थोपना अनुचित है। प्रबंधकों ने विधायक से उक्त शुल्क खत्म कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अरविंद कुमार शर्मा, रवींद्र यादव, रोहित कुमार शर्मा, राशिद अजीज गाजी, ज्ञानेश कुमार शर्मा, प्रमोद बाबू, वीरेंद्र कुमार शर्मा, सुखपाल शर्मा, प्रेम बाबू, वसीफ अली, शेर सिंह, रचना गंगवार समेत अन्य रहे।

## सार-संक्षेप

### मेयर ने किया अग्रसेन मार्ग शिलापट का लोकार्पण



**बरेली, अमृत विचार** : श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन मार्ग शिलापट को रामपुर बाग में पुन: ससम्मान उसी स्थान पर लगवाकर शनिवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम ने लोकार्पण किया। मेयर ने समाज को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि सद्कार्यों में कोई विरोध नहीं होना चाहिए। समाज से कुछ छिपा नहीं होता है। जिन लोगों ने पहले यह शिलापट तुड़वाया था, अब उनके हौसले पस्त हो गए। नए सिरे से शिलापट का लोकार्पण किया। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल व संरक्षक एड अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम बोर्ड की 28 अगस्त, 2021 की बैठक में रामपुर बाग में महाराजा अग्रसेन मार्ग घोषित कर महाराजा अग्रसेन मार्ग का शिलापट लगाए जाने की संस्तुति की गई थी। मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम ने रामपुर बाग में ग्रेनाइट का शिलापट पूर्व में लगवाया था, मगर समाज को बिना जानकारी दिए उसको कुछ दिन पूर्व हटवा दिया था। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल के आग्रह पर मेयर ने महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित चौराहे को महाराजा अग्रसेन चौराहे के नाम पर कराएंगे, इसका प्रस्ताव सदन से पास करने का आश्वासन दिया। देवेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अभय अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, रमेश चन्द्र अग्रवाल एड, संजय गोयल, नामित पार्षद संजीव कुमार (संजय), पार्षद राजेश अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, सुभाष अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### महर्षि विद्या मंदिर में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**बरेली, अमृत विचार** : महर्षि विद्या मंदिर में महर्षि वेदिक एडमिनिस्ट्रेटर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर आधारित नौ दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण शिविर में बरेली, बदायूं, रामपुर, रुद्रपुर व हल्द्वानी के विभिन्न महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों के 65 से अधिक शिक्षक–शिक्षिकाओं की भागीदारी रही। प्रधानाचार्य आरएल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों में शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक व्यवहारिक कार्यों से जोड़ने के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। एमसीबीई क्षेत्रीय समन्वयक रीता पांडेय का मार्गदर्शन मिला। निदेशक सीपीआर महर्षि शिक्षा संस्थान वीआर खरे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से और वीके मिश्रा जीसीबीएसई जिला समन्वयक मौजूद थे।

### कोरोना अलर्ट: ऑक्सीजन प्लांट का संचालन मिला ठीक

**बरेली, अमृत विचार** : देशभर में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते शासन ने अलर्ट जारी किया है। इसी क्रम में शनिवार को तीन सौ बेड अस्पताल और जिले के चार स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड मॉकड्रिल हुई। जिसमें कोरोना से निपटने की तैयारियों को परखा गया। तीन सौ बेड अस्पताल में दोपहर 12 बजे एडी हेल्थ डॉ. साधना अग्रवाल पहुंचीं। उन्होंने परिसर में लगा ऑक्सीजन प्लांट देखा। जिसका संचालन ठीक मिला। आईसीयू वार्ड गई। वहां पर उन्होंने वेंटिलेटर संचालन संबंधी जानकारी स्टॉफ से ली। उन्होंने वार्ड में बेड व अन्य संसाधन पूर्ण रखने के आदेश दिए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एसीएमओ डॉ. राकेश आदि मौजूद रहे। सीएमओ ने बताया कि जल्द शासन से आदेश मिलने पर कोविड जांच भी शुरू कराई जाएगी। इसके साथ ही मीरगंज, शेरगढ़, और बहेड़ी में भी मॉकड्रिल कर तैयारियों को देखा गया।

### कोतवाल सुरेश गौतम अर्जुन सम्मान से सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार** : यथार्थ गीता दिव्य ज्ञान ट्रस्ट की ओर से शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग छवि से समाज का भला करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित हरिओम गौतम और सचिव डॉ. नितिन सेठी ने सीबीगंज थाना पहुंचकर कोतवाल सुरेश गौतम को अर्जुन सम्मान समर्पित किया। सचिव डॉ सेठी ने कहा कि हमें सच्चे न्याय प्रिय अधिकारियों का सम्मान करना चाहिए। अध्यक्ष हरिओम गौतम ने कहा कि लोग प्रेरणा लेकर अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करें, जिनके कार्यों से समाज लाभान्वित हो।

# डीएम से दोबारा शिकायत के बाद खुदवाया अस्थायी नाला



सड़क पर भरा पानी।



नाला खोदती जेसीबी।

संवाददाता, भमोरा

- तीन माह से जलभराव से जूझ रहे लोगों को मिली समस्या से मुक्ति

**अमृत विचार:** कई माह से गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर ग्रामीणों ने डीएम और एसएसपी की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई ना होने पर शनिवार को दोबारा डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत की, इसके बाद पहुंचे एसडीम आंवला एन राम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मंगाकर अस्थायी नाला खुदवाकर गली का पानी निकलवाया ।

भमोरा आंवला रोड पर नई बस्ती के मोहल्ले में जाने के लिए बनी सड़क पर तीन महीने से नाली का पानी भरा था, जिससे ग्रामीणों को मजबूरन होकर निकलना पड़ता था, कई बार स्कूल जाने वाले बच्चे और राहगीर गिरकर चोटिल भी हो चुके थे, जिसकी कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर 15 दिन पहले डीएम और एसएसपी से मोहल्ला निवासी लक्ष्मण श्रीवास्तव,रमेश सिंह,रूम सिंह यादव,सुरेंद्र मौर्य आदि कई ग्रामीणों ने शिकायत की थी फिर भी समाधान नहीं हुआ जिस पर शनिवार को पुनः ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की शिकायत की, जिसके बाद अस्थाई नाला खुदवाकर पानी निकलवा दिया गया।

# दिव्यांग को अपर आयुक्त ने किया सम्मानित

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार** : आकांक्षी ब्लॉक दमखोदा में विभिन्न योजनाओं के सत्यापन के लिए शनिवार को अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल ने विद्यालय का निरीक्षण किया।

विद्यालय की समुचित व्यवस्था एवं कार्यों के लिए प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा एवं स्टाफ की प्रशंसा की। विद्यालय में चल रहे समर कैम्प के निरीक्षण के समय शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों से कविताएं पहाड़े सुने और बच्चों से उनके नाम हिन्दी और अंग्रेजी में लिखवाए और बच्चों की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके हाथ पर स्टार दिए । विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। अपर आयुक्त ने दिव्यांग बच्चे को और उसकी मां को रोज विद्यालय लाने के लिए माला पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीईओ जगदीश कुमार, बलवीर सिंह, हरीश कुमार, हेमराज ,सीएम फैलो धीरेन्द्र कुमार ,प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।



रोज स्कूल आने पर दिव्यांग को सम्मानित करतीं अपर आयुक्त प्रशासन।

**सीएचसी का निरीक्षण:** बरेली मंडल की अपर आयुक्त प्रीति जयसवाल शनिवार को दमखोदा ब्लॉक के अभयपुर में सरकारी योजनाओं का सत्यापन करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिछा पहुंचीं। अपर आयुक्त का सीएचसी इंचार्ज डॉ. शशांक यादव ने स्वागत किया। इस दौरान स्ट्रेचर पर चादर भी रखी गई और रोगियों के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान राइस मिलर्स ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन रिछा के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ और नसीमुर्रहमान समेत अन्य मिलर्स अपर आयुक्त से मिले,उनके साथ वार्ता कर मिलर्स और आम जन-मानस की समस्याओं से रुबरु कराया। मोहम्मद आरिफ ने रिछा इंडस्ट्रियल के लिए 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र पर एक ही एमवीए का ट्रांसफर होने पर बिजली समस्या हो रही है। उन्होंने उपकेंद्र में अलग से उपकेंद्र बनाने की मांग रखी।

### विशेष सचिव ने समर कैंप का किया निरीक्षण

**शेरगढ़ ,अमृत विचार** : विशेष सचिव अभिषेक सिंह (द्वितीय) ने ब्लॉक शेरगढ़ के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरमनगर में आयोजित समर कैम्प का निरीक्षण किया और बच्चों से बात की। उन्होंने बीईओ मुकेश कुमार भारती से आकांक्षात्मक विकास खंड के 19 पैरामीटर बिंदुओं को लेकर पूछताछ की। पंचायत सचिवालय में अधिकारियों और कर्मचारियों से गांव के विकास के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद मानपुर पहुंचे विशेष सचिव ने उप स्वास्थ्य केंद्र,आयुष्मान आरोग्य मंदिर,आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया ।इसके अलावा क्षेत्र के विभिन्न संस्थाओं और चल रही योजनाओं का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

# किशोरी के बनाए अश्लील वीडियो

**फरीदपुर,अमृत विचार** : एक युवक ने नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर अवैध संबंध बनाए, उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर पीड़िता के परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार और महिला बाल विकास आयोग के जिला उपाध्यक्ष से मिलकर अपनी पीड़ा। जिसके बाद जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के निवासी युवक ने बिशारतगंज थाना क्षेत्र की एक नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर दो साल तक उसका शोषण किया, इस दौरान उसके अश्लील वीडियो बनाकर उसे डरा- धमकाकर 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है।

# धनगर समाज ने अहिल्याबाई की जयंती मनाई

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर मढ़ी सत्याना से धनगर समाज ने जुलूस निकाला।

बाइक रैली के जुलूस को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सांसद और विधायक ने अहिल्याबाई होल्कर के कार्यो से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान ओमपाल श्रुति गंगवार, प्रशांत पटेल, निरंजन यदुवंशी, ओमपाल धनगर, सोनू कुर्मी, डॉ. विनय कुमार पाल, राजेंद्र पाल, सत्यपाल, त्रिलोकी पाल, मुकेश धनगर समेत अन्य मौजूद रहे।



बाइक रैली के जुलूस को रवाना करते सांसद और विधायक। ● अमृत विचार

### पाल समाज की ओर से निकाली गई बाइक रैली

**आंवला, अमृत विचार** : रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर पाल, बघेल, गड़रिया समाज की ओर से कस्बे में बाइक रैली निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। भाजपा के पूर्व आंवला जिलाध्यक्ष वीरसिंह पाल के नेतृत्व में रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशताब्दी को लेकर बाइक रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत रोडवेज बस स्टॉप से हुई जो विभिन्न मार्गों से होकर पुरैना पहुंची। जहां से बरेली में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय पाल महासभा कार्यक्रम शामिल होने के लिए रवाना हुई। कार्यक्रम में ओमवीर पाल, नबाब सिंह पाल, अवनेश पाल, छोटेलाल पाल, राजू पाल, अनिल पाल, शेरसिंह पाल, महेन्द्र पाल, रामस्वरूप पाल, राधेश्याम पाल, रामनाथ पाल, विशन जीत पाल, नैना पाल, रोहनपाल, संजीव पाल आदि मौजूद रहे।

### शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक

बिशारतगंज, अमृत विचार : समाधान दिवस में 3 मई को सभासद प्रदीप साहू ने राशन डीलरों की शिकायत की थी, मामले का संज्ञान लेते हुए शनिवार को पूर्ति विभाग और माप तौल विभाग की टीम ने राशन डीलरों के यहां मौके पर पहुंचकर जांच की। शिकायतकर्ता ने बताया था, कस्बे के सभी कोटेदार कार्ड धारकों से पहले अंगूठा लगवाते हैं और अगले दिन राशन देते हैं। शनिवार को आपूर्ति विभाग आंवला के पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार बाजपेई और माप तौल विभाग से वरिष्ठ निरीक्षक मुकुल उपाध्याय अपनी टीम के साथ बिशारतगंज पहुंचे और राशन डीलरों की दुकान पर जाकर जांच की। टीम के सामने राशन वितरण नहीं हो रहा था, इसलिए आनन–फानन राशन डीलरों ने कार्ड धारकों को बुला लिया और पूर्ति निरीक्षक ने उनके बयान दर्ज किए एवं राशन डीलर के भी बयान दर्ज किए। दुकान पर गंदगी और राशन खुला देख पूर्ति निरीक्षक ने नाराजगी जताई और ढक कर रखने के निर्देश दिए।

### चार दिन में उखड़ने लगी सड़क,ग्रामीणों ने आक्रोश

**शेरगढ़,अमृत विचार** : गांव पिपौली से रम्पुरा तक चल रहे सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने के चलते ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार सड़क में गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं करा रहा है। मामले में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को वह जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी से मिलकर लिखित शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क अभी करीब आधा किलोमीटर ही पड़ी है जो पीछे से उखड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कार्य रुकवा दिया।

### खुले में न करें कुर्बानी, दूसरों का रखें विशेष ध्यान

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : थाना परिसर में ईद उल अजहा के त्योहार को लेकर एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ हाइवे निलेश मिश्रा थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी अनूप सिंह सहित नगर के धर्मगुरु और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे ।इस दौरान सीओ हाइवे निलेश मिश्रा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थान पर कुर्बानी न करे और सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न डाले त्योहार आपसी त्योहार व सौहार्द से मनाएं ।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम बैरंग लौटी

संवाददाता, नवाबगंज

- अधिवक्ताओं के विरोध के बाद टीम को उल्टे पांव लौटना पड़ा

**अमृत विचार** : व्यापारी आदर्श विभु गुप्ता द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय के सामने फल, सब्जी के फड़ लगाकर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए 17 मई को सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायत पर एसडीएम ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को कार्रवाई के आदेश दिए थे। शनिवार को सफाई प्रभारी अमर सिंह टीम और पुलिस बल को लेकर अतिक्रमण हटवाने पहुंची, और तुरंत फड़ हटाने की चेतावनी दी। इसके बाद सब्जी फड़ वाले अपना-अपना सामान समेटने लगे। । इस दौरान अधिवक्ता हाजी माजिद हुसैन जैदी, दुष्यंत गंगवार, आनन्द कुमार, सुधाकर लाल रस्तोगी अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और अतिक्रमण हटाने का विरोध किया, कहा कस्बे के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण नहीं है, शिकायत करने वाले के भाई की दुकान नाले पर बनी है यह अतिक्रमण नगर पालिका को दिखाई नहीं दे रहा है, यह गरीब लोग सब्ज़ी बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं यह अतिक्रमण दिखाई दे रहा।

अधिवक्ताओं के कड़ा विरोध करने पर नगर पालिका की टीम बैकफ़ुट पर आ गई और बिना अतिक्रमण की कार्रवाई के बिना लौट आई।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
समस्त जनता को सूचित किया जाता है कि खसरा सं.– 351 स्थित सुर्खा छावनी बाहर सैदपुर हाकिन्स (हिन्दुस्तान नर्सरी) एक संयुक्त सम्पत्ति है। जिसका विधिवत् विभाजन नहीं हुआ और अनेक मुकदमों में उक्त सम्पत्ति विचाराधीन है। यदि कोई व्यक्ति उक्त सम्पत्ति या उसके भाग को खरीदेगा तो वो शून्य व निसप्रभावी व अवैध होगी। और उसके कानूनी परिणामों का वो स्वयं उत्तरदायी होगा। **मोहनलाल पुत्र स्व. नरायनदास नि. हिन्दुस्तान नर्सरी, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने राधा कृष्णा फार्मेसी, हसनापुर गंज मुरादाबाद में प्रिंसिपल के रूप में दिनांक 01.07.2024 को ज्वाइनिंग की थी और दिनांक 04.03.2025 को इस्तीफा दे दिया था तथा 01.04.2025 को रिलीविंग ली थी। मेरे इस्तीफा देने के बाद भी ऑन लाईन पोर्टल पर मेरा नाम शो हो रहा है। मेरे द्वारा इस विद्यालय से अपनी सेवायें समाप्त कराने के बाद अब मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **मुकेश कुमार पुत्र श्री वीरभान मलिक निवासी बण्डा जिला शाहजहाँपुर।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र में मेरा नाम अश्वनी कुमार लिख गया है जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी गोयल है। भविष्य में मुझे अश्वनी गोयल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **अश्वनी गोयल पुत्र राम किशन गोयल नि. मो. गफ्फार खाँ तह. व जिला पीलीभीत।**

**REQUIRED**
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA **(Sales & marketing)**/ MSW. whatsapp **CV** 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers
8004682261/ 9792793660

**वैधानिक सूचना** :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# स्त्रीधन की वापसी हिंदू विवाह के तहत कार्रवाई में निर्धारण योग्यःहाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- स्त्रीधन की वापसी एक मुद्दा, इसका निर्धारण अधिनियम के तहत कार्यवाही में किया जाना चाहिए

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत स्त्रीधन की वापसी से जुड़े मुद्दे पर विचार करते हुए कहा कि स्त्रीधन की वापसी एक मुद्दा है, जिसका निर्धारण अधिनियम के तहत कार्यवाही में किया जाना चाहिए न कि धारा 27 के तहत अलग से किए गए आवेदन के माध्यम से। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि धारा 25 पति या पत्नी को विवाह-विच्छेद के लिए डिक्री के बाद मासिक या सकल राशि द्वारा भरण-पोषण पर निर्देश के लिए आवेदन करने की अनुमति देती है और धारा 27 न्यायालय को डिक्री पारित करने का अधिकार देती है, जिससे विवाह के समय या उसके बाद प्रस्तुत किसी भी संपत्ति के संबंध में प्रावधान शामिल किया जा सके।

कोर्ट ने माना कि जब अधिनियम के तहत किसी वैवाहिक कार्यवाही पर पक्षकारों के बीच निर्णय नहीं हो पाता है तो यह प्रावधान न्यायालय को अधिनियम की धारा 27 के तहत स्वतंत्र आवेदन पर विचार करने का अधिकार नहीं देता है, जब तक की अधिनियम, 1955 की धारा 9 से 13 और 13 ए और 13 बी में परिकल्पित अधिनियम के तहत आगे कोई कार्यवाही न हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिंह न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना के खंडपीठ ने कृष्ण कुमार गुप्ता की प्रथम अपील को निस्तारित करते हुए पारित किया।

# धोखाधड़ी के मामले में तीन नाइजीरियन को मिली कैद

## हरदोई की रहने वाली है धोखाधड़ी की शिकार पीड़िता

संवाददाता, हरदोई




**अमृत विचारः** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रिचा वर्मा ने एक फैसले में धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में आरोपित तीन विदेशी नागरिक नाइजीरियन को जुर्म साबित होने पर चार-चार साल की कड़ी कैद और 75- 75 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार उदाला चकउडी पैट्रिक जूनियर, नेल्सन व फ्रांसिस ईमेका ने वादिनी मुकदमा रुचि सिंह निवासी थाना कोतवाली शहर हरदोई के साथ जालसाजी व धोखाधड़ी की। यह धोखाधड़ी 9 मई 2020 से 21 मई 2020 के दौरान की गई ।आरोपियों पर यह भी आरोप है कि वह नाइजीरियन है और भारत देश के किसी क्षेत्र से उस अवधि इसके लिए उन्हें वीजा जारी किया गया था समाप्त हो जाने के बाद भी उन्होंने भारत देश में निवास किया और छल करके मोबाइल फोन में मैसेज ,फर्जी मेल आईडी के जरिए वादिनी रुचि सिंह को पार्सल भेजना कहकर उसे बेईमानी की और पार्सल के बदले अपनी संपत्ति उसे दी । इस प्रकार कुल 6 लाख 31548 फुट रचित खातों से प्राप्त कर लिए। वादिनी से छल कपट करते हुए फर्जी सिम कार्ड ,लैपटॉप, मेल आईडी ,पासबुक, फर्जी खातों की कूट रचना की और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छल प्रयोग से इसके साथ ही यह जानते हुए के उपयोग इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कूट रचित है वादिनी के साथ छल करते हुए वह असली रूप में उपयोग में ले जाएंगे।

उक्त संचार उपकरण लैपटॉप, मोबाइल सिम कार्ड, पेन ड्राइव, मेल आईडी का छलपूर्वक उपयोग कर वादी से धनराशि प्राप्त की ।सीजेएम ने इस मामले में तीनों को दोषी करार देते हुए उन्हें चार-चार साल की कैद और विभिन्न धाराओं में 75-75 हजार जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बिलसंडा (पीलीभीत)

पत्रांक: 436/निविदा/क्षे.पं./2024-25 दिनांक: 30.05.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग / जिला पंचायत / राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खंड बिलसंड़ा-पीलीभीत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त / 15 वां वित्त (टायड एवं अनटायड फण्ड) योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा विकास खंड बिलसंड़ा मुख्यालय पर दिनांक 18.06.2025 दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय पर रखे निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। सीलबन्द निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पृथक-पृथक धरोहर धनराशि जमा की जायेगी। टेण्डर फार्म बिक्री 10.06.2025 से 13.06.2025 निर्धारित की जाती है। विस्तृत जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम स्थल सहित | कार्य की माप (किमी. में) | कार्य की प्राक्कलित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम परेवा घुंघचइया सम्पर्क मार्ग पर खडंजे से खडंजा निर्माण कार्य। | 0.130 | 2.50 | 12500 | 500 | तीन माह |
| 02. | दियोरिया कलां में कोरो घाट पर शवदाह गृह का निर्माण। | 01 नग | 4.00 | 20000 | 500 | तीन माह |
| 03. | बसेगा मीरपुर सम्पर्क मार्ग से नवीन सिंह के झाले की ओर खडंजा निर्माण कार्य। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 04. | ग्राम पंचायत सिमरौली अडियारा गांव के पूरब मेन रोड से देवस्थान कीर ओर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 05. | दियोरिया कलां जूनियर हाई स्कूल के पास श्मशान भूमि पर शवदाह गृह का निर्माण। | 01 नग | 4.00 | 20000 | 500 | तीन माह |
| 06. | पशु चिकित्सालय बिलसण्डा के पुराने भवन की मरम्मत एवं टायलीकरण तथा रंगाई पुताई। | - | 9.50 | 47500 | 1000 | तीन माह |
| 07. | पैतबोझी ओमप्रकाश की जगह से बसन्त के खेत की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा एवं पुलिया निर्माण। | 0.400 | 7.58 | 38000 | 800 | तीन माह |
| 08. | गजना केदार की जगह से खाये की पुलिया की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.400 | 7.58 | 38000 | 800 | तीन माह |
| 09. | गाजना कुंअर पाल के घर से रम्भोजा की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 10. | ईटगांव रामऔतार के खेत से दीनानाथ के खेत की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.200 | 3.82 | 19100 | 500 | तीन माह |
| 11. | मीरपुर रतनपुर देवेश के खेत से मुरली के खेत तक सम्पर्क मार्ग पर खडंजा कार्य। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 12. | नांद पुरवा नीवादांडी सम्पर्क मार्ग से बरातघर की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.175 | 3.35 | 16750 | 500 | तीन माह |
| 13. | हेमपुर सिसइया सम्पर्क मार्ग से भूमिसेन देवस्थान तक खडंजा निर्माण। | 0.225 | 4.29 | 21500 | 500 | तीन माह |
| 14. | बढ़ेपुरा रामआसरे के खेत से भृगराज के खेत की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 15. | मीरपुर हेमपुर जूनियर हाईस्कूल से तालब तक खडंजा। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 16. | ग्राम राठ रघुनन्दन की जगह से केवल सिंह के झाले की ओर खडंजा कार्य। | 0.400 | 7.58 | 38000 | 800 | तीन माह |
| 17. | रामपुर अमृत मेन रोड से देव स्थान तक सम्पर्क मार्ग पर खडंजा कार्य। | 0.200 | 3.82 | 19100 | 500 | तीन माह |
| 18. | मनकापुर कब्रिस्तान से ब्रहमदेव स्थान तक सम्पर्क मार्ग पर खडंजा कार्य। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 19. | पैतबोझी अंगन लाल की जगह से सोहनलाल की जगह तक सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 20. | पैतबोझी प्रा. स्कूल से मेनरोड तक सम्पर्क मार्ग पर खडंजा | 0.400 | 7.58 | 38000 | 800 | तीन माह |
| 21. | ग्राम जमुनिया जसूपुर सम्पर्क मार्ग पर आर.सी.सी. पुलिया निर्माण। | 01 नग | 7.00 | 35000 | 700 | तीन माह |
| 22. | बरखेड़ा चतुराह गांव से उत्तर रायपुर उर्फ फाजिलपुर सम्पर्क मार्ग पर आर.सी.सी. पुलिया निर्माण। | 01 नग | 7.00 | 35000 | 700 | तीन माह |
| 23. | परेवा तुर्राह में सुरा ताल से पूरब की ओर नाला निर्माण। | 0.155 | 9.96 | 49800 | 1000 | तीन माह |
| 24. | बढ़ैपुरा नाले पर डिप का निर्माण। | 18 डिप | 2.00 | 10000 | 500 | तीन माह |
| 25. | दियोरिया कलां में संतोष सिंह के बाग से दक्षिण किनारे तक नाला निर्माण। | 0.155 | 9.99 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 26. | हेमपुर कम्पोजिट स्कूल से बिलहा तालाब तक नाला निर्माण। | 0.300 | 9.99 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 27. | पसगवां में नाला से पक्षी बिहार तालाब तक अवशेष नाला निर्माण। | 0.154 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 28. | मुड़िया ता. पसगवां में गांव के पश्चिम तालाब से दक्षिण की ओर नाला निर्माण। | 0.156 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 29. | ग्राम कटैया से पश्चिम पैनिया बाजार की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 30. | अकोडा गांव के दक्षिण श्मशान भूमि पर शवदाह गृह का निर्माण। | 01 नग | 4.00 | 19500 | 500 | तीन माह |
| 31. | बमरौली मेन रोड से वीरेन्द्र सिंह के खेत की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.300 | 5.70 | 28500 | 600 | तीन माह |
| 32. | इलाबास झम्मन लाल के खेत से राजेन्द्र प्रसाद के खेत की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 33. | इलाबास मेवाराम के खेत से दामोदर लाल के खेत की ओर खडंजा निर्माण कार्य। | 0.525 | 9.93 | 49700 | 1000 | तीन माह |

1. मुख्य शर्तेः- कार्य के लिए निर्धारित धरोहर व जमानत धनराशि निविदा के साथ एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी बिलसण्डा के नाम बन्धक कराना अनिवार्य है।
2. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों का भुगतान सुनिश्चित किये जाने वाले विषयक एवं खनिकर्म के शासनादेशानुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3. कार्य से सम्बन्धित विवरण/शर्ते निविदा फार्म नोटिस बोर्ड एवं सम्बन्धित पटल पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पीलीभीत होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बिलसण्डा-पीलीभीत



## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T08, दि0 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पुर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं.**: 1. **कार्य का नाम** : इज्जतनगर मंडल के अलीगंज स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन के प्रावधान के लिए ओएचई से संबंधित कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं:** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T08, **कार्य का अनुमानित लागत रूपया में:** 1,43,95,541.85, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी** : 2,22,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में** : 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 23.06.2025 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधि** : 12 माह • खुली ई-निविदा दिनांक 23.06.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-50 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## कार्यालय ग्रा. पं. मटकापुर, वि.खं. भदपुरा, नवाबगंज (बरेली)

### निविदा

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. की वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना 15वें केंद्रीय वित्त, पंचम राज्य वित्त, मनरेगा, एसएलडब्लूएम, एसबीएम, आरजीएमए, आईसीडीएस की धनराशि से सीसी, इंटरलॉकिंग, खडंजा, गौशाला, आंगनबाड़ी, स्कूल बाउंड्रीवॉल, पंचायतघर, सोलर एलईडी लाइट, पशु शेड, शौचालय, शोक पिट, अंत्येष्टिस्थल, नाली, सीएससी भवन, स्कूल भवन कायाकल्प, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पानी की टंकी, पुलिया निर्माण, टेंडर व्यय, अमृत सरोवर, समरसेबल, खाद के खढ्ढों आदि का नवनिर्माण/रखरखाव/मरम्मत, पौधरोपण, फर्नीचर, दरी खरीद, हयूम पाइप, हैंडपंप निर्माण रिबोर/मरम्मत, वाल पेंटिंग व अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त कार्य के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स,पाइप, टोटी, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार सामग्री, पटान हेतु मिट्टी/राख, सेनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबंद निविदाएं 01.06.2025 से दिनांक 05.06.2025 को दोपहर 2 बजे तक जमा की जा सकती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4 बजे खोली जायेंगी।

राजकुमार-प्रधान विवेक कुमार चौधरी-सचिव



## कार्यालय ग्राम पंचायत बिबियापुर विकास खण्ड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

शासनादेश सं.-42/2021/1235/33-3-2021-989/2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 के क्रम में निदेशक पंचायती राज उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-6/ 2222/2018-6/203 ए./2024-25 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा पंचायत सहायक/एकाउन्टेन्ट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर के पद पर चयन हेतु निर्धारित योग्यता व विवरण के अनुसार पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये जाते हैं

1. कुल रिक्त पद - 1
2. ग्राम पंचायत की रिक्ति का विवरण एवं आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय पर उपलब्ध है।
3. आवेदन तिथि 05.06.2025 तक।

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 02 जून 2025 से 04 जून 2025 |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 05 जून 2025 से 20 जून 2025 |
| 3. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 21 जून 2025 से 27 जून 2025 |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना | 28 जून 2024 से 05 जुलाई 2025 |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति | 06 जुलाई 2025 से 11 जुलाई 2025 |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना | 12 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 |

**आवेदन की प्रक्रिया :** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित पर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश सं.-42/2021/1235/33-3-2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

किरन गंगवार-प्रधान हर्ष चौहान-सचिव



## कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय
## रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

ग्राम नगरियाकला स्थित पतरौल क्वार्टर की विभागीय भूमि रकवा 0.11 हे0 को फसल उगाने हेतु वर्ष 2025-26 (एक वर्ष) हेतु नीलाम करने के सम्बन्ध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपखण्ड द्वितीय बहेडी रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के अन्तर्गत नीलाम ग्राम नगरियाकला स्थित पतरौल क्वार्टर की विभागीय भूमि रकवा 0.11 हे0 को फसल उगाने हेतु वर्ष 2025-26 (एक वर्ष) हेतु नीलामी अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 03.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान सिंचाई निरीक्षण भवन, बहेडी पर सरेआम की जायेगी। इच्छुक खरीददार ग्राम नगरियाकला स्थित पतरौल क्वार्टर की भूमि को मौके पर देख सकते है। शर्ते नीलाम प्रक्रिया से पूर्व उपखण्डीय कार्यालय में देख व पढ सकते है।

सहायक अभियन्ता
उपखण्ड द्वितीय, बहेडी
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

**UP-234452 दिनांक 30.05.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 2725/12ए दिनांक: 20/05/2025

### ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 02.06.2025 से दिनांक 16.06.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 16.06.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत पूल्ड हाउसिंग कालोनी टाईप-ए, टाईप-बी, टाईप-डी एवं टाईप-एफ के आवासों की मरम्मत का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 30.00 | 3.00 | रू0 944.00 | 09 माह | (ए,बी,सी,डी) भवन कार्य |
| 2 | सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत पूल्ड हाउसिंग कालोनी टाईप-2, टाईप-3 एवं टाईप-4 के आवासों की मरम्मत का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 30.00 | 3.00 | रू0 944.00 | 09 माह | (ए,बी,सी,डी) भवन कार्य |
| 3 | सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग हाउसिंग कॉलोनी के आवासों की मरम्मत का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 20.00 | 2.00 | रू0 944.00 | 09 माह | (ए,बी,सी,डी) भवन कार्य |
| 4 | सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत कार्यालय भवन/अनावासीय भवन की मरम्मत का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 10.00 | 1.00 | रू0 944.00 | 09 माह | (ए,बी,सी,डी) भवन कार्य |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 234428 **दिनांक:** 30/05/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर


# 20- 20 हजार रुपये में बेची रोडवेज परिचालकों को ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एआरएम पर गिर चुकी गाज बाबूओं की चल रही जांच

**अमृत विचार :** चालक और परिचालकों से की जा रही अवैध धन उगाही पर एआरएम पर गाज गिर चुकी है, लेकिन एआरएम के लिए धन उगाही करने वाले बाबू अब भी कार्रवाई से बचे हुए हैं। यह अधिकारी और कर्मचारी के कहने पर 20-20 हजार रुपये लेकर चालक परिचालकों की ड्यूटी लगाते थे।

इसका ऑडियो वायरल हुआ है। ऑडियो वायरल होने पर धन उगाही करने वाले बाबू भी जांच के घेरे में आ गए हैं। जांच के बाद इन पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि बाबू के साथ-साथ फोरमेन भी संदेह के घेरे में हैं।रोडवेज डिपो में चालक और परिचालको की पंसद की गाड़ी पर ड्यूटी लगाने के लिए एआरएम द्वारा अवैध धन उगाही की जाती थी। ड्यूटी लगाने के लिए चालक और परिचालकों से 15 से 20 हजार रुपये लिए जाते थे। इस कार्य के लिए उनके द्वारा दो बाबूओं को नियुक्त कर रखा था। इसमें फोनमेन भी शामिल रहते थे। बताया जाता है कि अगर किसी चालक, परिचालक द्वारा इसका विरोध किया जाता था तो उसे बस पर नहीं भेजा जाता था या फिर संविदा समाप्त की धमकी भी दी जाती थी। बाबूओं द्वारा रुपये लिए जाने का एक ऑडियो वायरल होने के बाद निगम के प्रबंध निदेशक ने एआरएम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही बाबूओं और फोनमैन की जांच आरएम द्वारा कराई जा रही है।

## हल्द्वानी में पत्नी के प्रेमी की पत्थर से कूंचकर हत्या

**हल्द्वानी,अमृत विचार :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र के गौजाजाली में एक युवक ने अपनी पत्नी के प्रेमी की पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने शनिवार को बताया कि अनिल साहू यहां पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। आरोप है कि राजेंद्र नगर निवासी तरुण रावत (26) के अनिल की पत्नी से प्रेम संबंध थे। शुक्रवार रात तरुण, अनिल के घर आया तो फिर से दोनों के बीच विवाद हुआ, तरुण वहां जबरन घर में सो गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे अनिल ने गहरी नींद में सोये तरुण के चेहरे और सिर पर भारी पत्थर से वार कर डाले।

# शादी की दावत खाने से 108 ग्रामीणों की हालत बिगड़ी

**टनकपुर/चम्पावत, अमृत विचार :** जनपद चम्पावत में ग्राम सीलिंग के तोक खीड़ी में शादी की दावत खाकर 108 ग्रामीणों की हालत बिगड़ गई। इनमें से 100 ग्रामीणों को गांव में ही प्राथमिक उपचार दिया गया जबकि हालत गंभीर होने पर पांच लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शुक्रवार को गांव के निवासी लक्ष्मण गिरी के विवाह समारोह के अवसर पर गांव में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से 250 लोगों को आमंत्रण दिया गया था। प्रीतिभोज में दाल, चावल, सब्जी, रायता और खीर ग्रामवासियों द्वारा ही बनाई गई थी। शुक्रवार शाम 4 बजे तक दावत खाने के बाद ग्रामीण घरों को चले गए। शुक्रवार देर रात अधिकांश ग्रामीणों को उल्टी, दस्त और बुखार की समस्या होने लगी, जिसके बाद कुछ लोग निजी वाहनों से तो कई 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाए गए। शनिवार तड़के तक जब एक ही गांव के कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए, तब जाकर मामला चर्चा में आया।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०-नि०-सा०-जीकेपी-01-2025 दिनांकः 23.06.2025, **कार्य का नाम** - खलीलाबाद-बहराईच नई रेलवे लाइन परियोजना के अन्तर्गत खलीलाबाद (सहित)-बांसी (सहित) के मध्य विविध एवं नई रेलवे लाइन से सम्बन्धित कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य : 24,14,85,392.34, बयाना राशि (रू०) : 13,57,400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : -, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 28 (अट्ठाईस) माह ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 09.06.2025 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 23.06.2025 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 23.06.2025 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जी०/ निर्माण/सामान्य
मुजाधि/डब्ल्यू - 91 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


## सवा सौ क्विंटल फूलों से सजा दशरथ महल

**अयोध्या :** प्राचीन पीठ चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के महल में विराजमान श्री राम परिवार के गर्भगृह में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। इसमें लगभग विभिन्न प्रकार के फूलों का उपयोग किया गया है। बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर इस मनोहर झांकी का अलौकिक दर्शन प्राप्त किया।

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड ऑडियो टूर की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी सरकार एक और परियोजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत पर्यटन विभाग 100 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर पोर्टल और सामग्री विकसित कर रहा है। पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर, जो पर्यटकों को पांच से सात मिनट की ऑडियो कहानियों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख स्थानों की जानकारी देगा। ये ऑडियो टूर 10 क्षेत्रीय भाषाओं (हिंदी, बंगला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, कन्नड़, ओडिया और मलयालम) तथा पांच अंतरराष्ट्रीय भाषाओं (फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, जापानी और मंदारिन) में उपलब्ध होंगे।

### इको पर्यटन की थीम पर 22 जिलों में लगेंगे साइनेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का गंतव्य स्थल बनाने जा रहा है। इसके लिए लगभग 9.72 करोड़ रुपये से 22 जिलों में साइनेज लगाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गंतव्य स्थल के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है।

### पदोन्नत हुए भानु प्रकाश राम, आदेश जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में तैनात संयुक्त निदेशक भानु प्रकाश राम पदोन्नति देकर अपर निदेशक उद्यान मुख्यालय लखनऊ के पद पर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किये गए। वह अभी तक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। भानु प्रकाश राम डा. विजय बहादुर द्विवेदी का स्थान लेंगे, जो शनिवार के सेवानिवृत्त हो गए।

### राजभवन में आज से शुरू होगा योगाभ्यास

**लखनऊ, अमृत विचार :** राजभवन में 1 जून से योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू होगा। 20 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में रोजाना एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। 21 जून को भव्य योग कार्यक्रम आयोजित होगा।

# आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून

## 60 साल में सेवानिवृत्ति तय होते ही संबंधित कार्मिक समान पद-समान वेतन के होंगे हकदार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- न्याय विभाग देख रहा कानूनी पक्ष, फिर तय होंगे नियम और अंतर्नियम

**अमृत विचार :** आउटसोर्स सेवा निगम के तय किए गए मसौदे में अब श्रम कानून आड़े आ रहा है। न्याय विभाग को आपत्ति है कि जब चयन बोर्डों के मुखिया डीएम से लेकर प्रमुख सचिव होंगे और सभी को नए मानदेय पर 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर जारी होगा तो समान पद-समान वेतन की मांग श्रम अदालतों से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक उठेगी। ऐसे में अब न्याय विभाग कानूनी अड़चनों का समाधान करते कानूनविदों से नए नियम और अंतर्नियम तय कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले फरवरी माह के विधानसभा सत्र में आउटसोर्स कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। इसके लिए आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान करते हुए न्यूनतम वेतन, सेवा-सुरक्षा और हर माह की पांच तारीख तक कार्मिक के बैंक खाते में वेतन देने का संकल्प लिया था। किसी आउटसोर्स को नौकरी से न निकालने और 60 साल की उम्र में सरकारी कर्मचारी की भांति सेवानिवृत्ति देने जैसे एलान से लाखों कर्मचारी तीन माह से निगम के गठन का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव के साथ बैठक की थी। इसके बाद दो कैबिनेट बैठक हो चुकी है, मगर आउटसोर्स सेवा निगम का प्रस्ताव अभी तक कानूनी जामा पहनाने के लिए सामने नहीं आ पाया है।

सूत्र बताते हैं कि कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन समेत निदेशक मंडल तय करने के साथ उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए नियमानुसार चार श्रेणी के कुल 93 विभागों में नियुक्तियों के लिए तैयार मसौदा में श्रम कानून आड़े आ रहा है।

### कार्यरत 11 लाख संविदा कार्मिकों को एलआईपी देने पर पेंच

सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। अब निगम सभी को नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) और निगम की ओर से आईडी कार्ड चयन समिति के अध्यक्ष को भेजने और उनके डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक को देने में न्याय विभाग कानून विदों से राय के बाद सहमत नहीं है। तर्क दिया जा रहा है कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार तो होगा ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

### ऐसे सामने आ सकता नया प्रस्ताव

शासन के शीर्ष अधिकारी बताते है कि तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी और आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। निगम का गठन करते हुए स्पष्ट प्रावधान हो कि नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### समान वेतन ही नहीं, स्थायी की भी होगी मांग : कानूनविद

हाईकोर्ट में श्रम मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह कहते हैं कि आउटसोर्स सेवा निगम सरकार के द्वारा बनाया गया और शासन के शीर्ष अधिकारियों की ओर संचालित होगा। नियुक्तियां भी वही प्राधिकारी करेंगे, जो सरकारी नियुक्तियां करते हैं, ऐसे में पदों की जो श्रेणियां तय की गई हैं, उन्हीं पदों पर पहले सरकारी कार्मिक भी है। ऐसे में एक ही पद पर दो तरह का वेतन-भत्ता और सुविधाएं क्यों? जब सरकार के पास 60 साल के सेवानिवृत्ति तक पद रिक्त है तो संबंधित व्यक्ति अंशकालिक और संविदा जैसे वेतन का हकदार क्यों होगा। अभी तक सरकार की ओर से तर्क दिए जाते थे कि तय समयावधि के लिए ही जगह खाली था, इसलिए रखा गया।

## सरकारी अस्पतालों में योग दिवस मनाने की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर योगी सरकार प्रदेश के समस्त छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित कराएगी। स्थानीय गणमान्य व्यक्ति को योग एंबेस्डर बनाया जाएगा, ताकि सभी आयु वर्ष के ज्यादा से ज्यादा लोग योगाभ्यास कर स्वस्थ्य रहें। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर विभाग के मुखिया ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को अभी से तैयारी व प्रचार-प्रसार में जुट जाने को कहा है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष की थीम है, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। उन्होंने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को योग अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना है। समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर नियमित योग सत्र संचालित किए जाने की व्यवस्था है।

# खोजा फैटी लिवर का इलाज

## एसजीपीजीआई के चिकित्सकों ने लंबे शोध के बाद पाई सफलता

संवाददाता, लखनऊ (पीजीआई)

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के विशेषज्ञों ने लंबे शोध के बाद नॉन एल्कोहलिक लोगों के फैटी लिवर का इलाज खोजा है। शोध के मुताबिक, शरीर में पाए जाने वाले प्राकृतिक डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लोगों के फैटी लिवर के जोखिम को कम करेगा। यह शोध पीजीआई के इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉ. रोहित ए. सिन्हा, डॉ. सना रजा और प्रतिमा गुप्ता ने किया है। इस शोध को मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर एंडोक्रिनोलॉजी पत्रिका ने हाल ही में प्रकाशित किया है।

डॉ.रोहित ने बताया कि आधुनिक दौर में शराब न पीने वाले लोगों में मोटापा, डायबिटीज



टीम के सदस्यों के साथ डॉ. रोहित।

और खराब जीवन शैली सबसे बड़ा फैटी लीवर का कारण बनता जा रहा है। युवा और बड़ों में यह ज्यादा हो रही है। पीजीआई द्वारा किए गये शोध में यह देखा गया कि इस हार्मोन का स्तर बढ़ाने से लोगों में फैटी लिवर का जोखिम कम

- मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली है फैटी लिवर का बड़ा कारण
- डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हर्मोन का स्तर बढ़ाने से कम होगा जोखिम

किया जा सकता है। हाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लिवर की कोशिकाओं से हानिकारक वसा को हटाने, सूजन कम करने के साथ ही दूसरे नुकसान को रोकता है। यह हार्मोन पुरुष और महिलाओं में सेक्स हार्मोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा यह शराब न पीने वाले लोगों में फैटी लिवर से बचाने में मददगार साबित होगा। डॉ. रोहित ने बताया कि इस हार्मोन की मात्रा को शरीर में संतुलित कर लोगों में फैटी लिवर को काबू में किया जा सकता है।

## निजीकरण के विरोध में और तेज होगा आंदोलन

**लखनऊ, अमृत विचार:** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन और तेज करेंगे। 87 अभियंताओं को नोटिस के बाद बिजली कर्मियों में गुस्सा बढ़ गया है। इस बीच, बिजली कर्मियों ने सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन पर कार्रवाई न किये जाने पर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों ने कहा कि सलाहकार कंपनी ने सितंबर 2024 के टेंडर के सापेक्ष दिसंबर 2024 में 19 महीने के लिए लेखाकारों की भर्ती का विज्ञापन निकाल दिया गया था। यह विज्ञापन दिसम्बर 2024 में नौकरी डॉटकॉम के पोर्टल पर निकाला गया था। संघर्ष समिति ने कहा कि इसमें कार्य स्थल बरेली, लेसा, सीतापुर, रायबरेली, वाराणसी, आगरा, मथुरा, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, केस्को आदि उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों के सभी वितरण क्षेत्रों का नाम लिखा है।

# ऊर्जा निगमों में नहीं हो सकेगा आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों में अब आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न नहीं हो सकेगा। कर्मियों को समय पर निर्धारित वेतन मिल सकेगा। अब आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विभागीय पोर्टल पर आउटसोर्स कर्मियों का विवरण 'अपलोड' करना अनिवार्य कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को समीक्षा बैठक में इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

पारदर्शिता की दृष्टि से पोर्टल पर इन कर्मियों का आवश्यक विवरण ईपीएफ, ईएसआई, मोबाइल नंबर, फोटो, तकनीकी-शैक्षिक योग्यता आदि पोर्टल पर 'अपलोड' करना आवश्यक है। इस पोर्टल के माध्यम से ही आउटसोर्स कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति आदि भी सत्यापित होगी और वेतन भी इसी आधार पर बनेगा। निर्देश के तहत जिस आउटसोर्स कंपनी का पूरा डाटा इस पोर्टल पर नहीं पड़ेगा, उसे उसके लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सभी वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आउटसोर्स पोर्टल पर सभी संविदा कर्मियों का डाटा 'अपलोड' कराएं।

### मिलेगा समय पर निर्धारित वेतन



शक्ति भवन में बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

- आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा अनिवार्य

# नए डीजीपी बीहड़ में तोड़ चुके हैं अपहर्ताओं की कमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई अधिकारी थे डीजीपी बनने की दौड़ में, राजीव कृष्ण ने सबको पीछे छोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के नये कार्यवाहक डीजीपी बनाये गए राजीव कृष्ण वर्ष 2004 में आगरा में एसएसपी के तौर पर अपनी कार्यशैली के कारण काफी चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने उस समय पर आगरा में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। साथ ही, बीहड़ में सक्रिय अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की थी। नये भूमिका में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने दौड़ में शामिल कई अफसरों को पीछे छोड़ दिया।

20 जून 1969 को जन्मे राजीव कृष्ण मूल रूप गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। स्नातक के बाद उन्होंने 1991 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और आईपीएस अफसर के रूप में चयनित हुए। उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी हैं और लखनऊ स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय में तैनात हैं। डीजीपी की दौड़ में राजीव कृष्ण के अलावा 1990 बैच के आईपीएस बीके मौर्य समेत कई अधिकारी दौड़ में थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली।

राजीव कृष्ण मथुरा, इटावा, आगरा, नोएडा और लखनऊ में एसपी/एसएसपी जैसे चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह यूपी एटीएस (एंटी टेरर स्क्वाड) के संस्थापक प्रमुख थे। इसके अलावा, उन्होंने बीएसएफ में आईजी ऑपरेशंस के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति में चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है, जिसकी वजह से वह प्रदेश के स्थाई डीजीपी भी बन सकते हैं।

## बिना बाईपास सर्जरी खोली जा सकेंगी दिल की बंद नसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल की बीमारी को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. सुदर्शन के विजय ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्षों से बंद पड़ी दिल की नसों को खोलने के लिए बाईपास सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेट्रोग्रेड विधि से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कर आसानी से नसों को खोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिल की 100 फीसदी बंद नसों को बिना ऑपरेशन खोलना आसान हो गया है। इन नसों में आगे के रास्ते से तार ले जाना संभव नहीं होता है। इन नसों को विपरीत दिशा से दूसरे साइड की दिल की नस पतले चैनल के माध्यम से ब्लड सप्लाई करने लगती है। इन चैनलों के द्वारा तार को बंद नस में ले जाकर उसको पीछे से खोला जाता है। एक सामान्य एंजियोप्लास्टी में जहां 15 मिनट से आधे घंटे का समय लगता है। वहीं रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी में दो से चार घंटे का समय लगता है। इस विधि से 70 से 80 हजार रुपये का खर्च आता है।

# कार्मिकों के स्थानांतरण किए जाएंगे ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन विभागों में नई प्रक्रिया
- तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए मेरिट बेस्ड होंगे
- पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 जून

**अमृत विचार :** आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड ऑनलाइन किये जायेंगे। स्थानांतरण नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत लंबी अवधि से कार्यरत कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाएगा।

निदेशक, आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा साधना श्रीवास्तव ने बताया कि लेखा संवर्ग के लेखाकार-सहायक लेखाकार, लेखा परीक्षक संवर्ग के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक-लेखा परीक्षक तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी के पदों पर कार्यरत कर्मियों के स्थानांतरण होने हैं। इसके लिए निदेशालय की वेबसाइट http://upiaad.up.gov.in पर जानकारी उपलब्ध है। मानव संपदा पोर्टल से स्थानांतरण किये जाने के लिए कार्मिकों से पोर्टल पर ऑनलाइन विकल्प प्राप्त किये जाने की तिथि 31 मई से 5 जून तक निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर 10 विकल्प कार्मिकों द्वारा स्वयं भरने होंगे। जिसके बाद उन्हें उनके विकल्प के अनुसार इच्छित जिले में स्थानांतरण किये जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मानव संपदा पोर्टल पर भरे गए विकल्प को पोर्टल पर खोले गए जिला कार्यालय से मैच कराकर पोर्टल द्वारा स्वयं स्थानांतरित कर दिया जायेगा। विकल्प मैच न होने पर पोर्टल किसी भी जिला में स्थानांतरण कर देगा।

# भाजपा चंदाखोरी मिटाए फिर करे महंगाई घटाने की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा महंगाई की चैंपियन है। भाजपा सरकार पहले 'मुनाफाखोरी' घटाए और 'भाजपाई चंदाखोरी' मिटाए फिर महंगाई घटाने की बात करे। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल पर आयात शुल्क को घटाने का फायदा जनता को भी मिलना चाहिए। लागत घट रही है तो खुदरा मूल्य भी घटना चाहिए।



सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसा तो नहीं कि ये दिखावटी आयात शुल्क कटौती बस कुछ खास आयातकों और उत्पादकों के फायदे के लिए ही है। भाजपा सरकार को खाद्य सामग्री की लागत-लाभ के अनुपात को जनता के पक्ष में तय कर देना चाहिए। साथ ही तय होना चाहिए कि एक निश्चित प्रतिशत से अधिक कोई भी मुनाफा नहीं कमाएगा, लेकिन इसके पहले भाजपा सरकार को भी कसम खानी होगी कि 'भाजपाई चंदा वसूली' नहीं करेगी। हर टैक्स और चंदा आखिरकार जनता से ही वसूला जाता है।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।





### वर्ग पहेली -447 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20.59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेशा 21.36 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष:** आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।

**वृष:** आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन:** आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।

**सिंह:** आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।

**तुला:** आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक:** आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा। विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।

**धनु:** आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।

**मकर:** आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ:** आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।

**मीन:** आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है। विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

# देश में कोरोना के 3,395 मरीज, 4 की मौत

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संक्रमण से जान गंवाने वालों में यूपी का भी एक व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार पहुंची है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं।



• एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार, केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित

### हमें और होशियार रहने की जरूरत

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा है के मुताबिक हम स्थिति पर नजदीकी निगाह रखे हुए हैं। इस स्थिति में हमें और होशियार रहने की जरूरत है। लेकिन बहुत ज्यादा डरना नहीं है। अब तक ओमिक्रॉन के 4 सबवेरिएंट मिले हैं- एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 मिले हैं। इनमें पहले तीन ज्यादा तेजी से फैलते हैं।

साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक सावधानी बरत रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सोमवार को कहा था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि नये स्वरूप गंभीर नहीं हैं और ये ओमिक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। उन्होंने कहा था कि पहले तीन स्वरूप के मामले ज्यादा हैं। डॉ. बहल ने कहा था, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इस समय, कुल मिलाकर, हमें निगरानी रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।

# राहुल को नहीं दी जाएगी सावरकर के पोते के मातृवंश की जानकारी, याचिका खारिज

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक कोर्ट ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मातृवंश की जानकारी मांगने वाली राहुल गांधी की अर्जी खारिज कर दी। कांग्रेस नेता द्वारा सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सत्यकी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है और राहुल ने कोर्ट में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण से संबंधित है, न कि सत्यकी सावरकर की मां दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के मायके से। हिमानी सावरकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के छोटे भाई गोपाल विनायक गोडसे की बेटी थीं। गांधी ने अपने वकील के जरिये दलील दी थी कि शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करते समय अपने पिता के परिवार का विवरण तो दिया था, लेकिन अपनी मां के मायके की जानकारी नहीं दी है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह जानकारी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण थी। कोर्ट कहा, यह मामला दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के वंश से संबंधित विवाद को लेकर नहीं है। इसलिए, आरोपी के आवेदन में कोई गुण नहीं दिखते। मामले को आगे जांच के लिए भेजने की भी कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, अदालत ने गांधी की जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली सत्यकी सावरकर की याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि दिए गए आधार ऐसी कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं।



**मानहानि मामला**

• कांग्रेस नेता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कराई गई थी शिकायत दर्ज

• राहुल ने अदालत में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया

## एक नजर

### नामपट्टिका पर पेशाब करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**पुणे।** अम्बेगांव बुद्रुक में स्थित शिवाजी महाराज को समर्पित शिवसृष्टि थीम पार्क के गेट पर लगी नामपट्टिका पर शनिवार तड़के पेशाब करने के आरोप में 59 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवनाथ अमराले की शिकायत के आधार पर भारती विद्यापीठ पुलिस ने अमोल अरुण कुलकर्णी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता दोस्त के साथ घर लौट रहा था, जब तड़के तीन बजे उसने एक व्यक्ति को शिवसृष्टि के गेट पर लगी नामपट्टिका पर पेशाब करते देखा।

### आय से अधिक संपत्ति में घिरे अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेलागवी।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य भर में उन सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गदग सहित सात जिलों में छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर छापे मारे गए वे बेलगावी में डी देवराज उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयात राज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी तथा बल्लारी में पीडब्ल्यूडी से जुड़े हैं।

# भारतीय सेना ने किया अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकी का परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

• तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना लक्ष्य

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन, रनवे इंडिपेंडेंट, रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। भारतीय सेना वर्तमान में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता विकास प्रदर्शन कर रही है।

## जागरूकता अभियान




कोलकाता में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्वयंसेवक। इस दौरान तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों बताया गया। एजेंसी

# वायुसेना प्रमुख का हालिया बयान चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय है और ऐसे में सरकार को जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय करार दिया था और विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस नेता और तेलंगाना सरकार के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, पार्टी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में एक बहुत ही निर्णायक जीत में वायु सेना की भूमिका की सराहना करती है।

• कहा- परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय सरकार उठाए सुधारात्मक कदम

# प्रधानमंत्री ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।



• कहा- पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही

# एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है।

• प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली का मामला

# जयपुर में दो प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, कार्यक्रम में तीन मंत्री भी थे मौजूद

जयपुर, एजेंसी

• धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद होटलों को खाली करवाया

जयपुर के दो प्रमुख होटलों में शनिवार को विस्फोटक होने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और इन होटलों को खाली करवाया गया। शनिवार को जब यह धमकी भरा ईमेल मिला उस समय राज्य सरकार के तीन मंत्री एक होटल में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

हालांकि, होटल की गहन तलाशी ली गई लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शहर में स्थित हॉलिडे इन होटल को शनिवार सुबह ईमेल के माध्यम से परिसर में बम होने की धमकी मिली। उस समय वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। इसके मेहमानों में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, उद्यमिता मंत्री के.के. बिश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मंत्री बेढम को कार्यक्रम के दौरान धमकी के बारे में बताया गया। उन्होंने कार्यक्रम में होटल को खाली करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद तीनों मंत्री वहां से चले गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) ललित शर्मा ने बताया कि बम और स्वान दस्ते ने होटल की गहन तलाशी ली लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके कुछ ही देर बाद, दिल्ली रोड पर स्थित रैफल्स होटल को ईमेल के जरिए ऐसी ही धमकी मिली। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते की टीम दोनों जगहों पर पहुंच गईं।

## कारोबार/कृषि

# इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे ट्रंप

## भारत में आवास, वाहन और अन्य सामान की बढ़ सकती हैं कीमतें

पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी

• एल्युमीनियम शुल्क में भी बढ़ोतरी बुधवार से होंगी लागू

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये निर्यात अब तेजी से बढ़ते अमेरिकी शुल्क से प्रभावित होंगे, जिससे भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों की लाभप्रदता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप द्वारा शुल्क को दोगुना करने के बाद, यह देखना बाकी है कि क्या भारत एक महीने के भीतर कुछ अमेरिकी निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही डब्ल्यूटीओ में एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसमें उसने इस्पात पर पहले लगाए गए शुल्क के जवाब में अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे।

उन्होंने कहा, आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न? शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से 'अमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा। लेकिन इतनी नाटकीय वृद्धि कीमतों को और भी अधिक बढ़ा सकती है। सरकार के उत्पादक मूल्य सूचकांक के अनुसार, जनवरी के मध्य में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से इस्पात की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



### स्टील, एल्युमीनियम पर ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं।

**सरकार से निर्यात की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह**

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10% की कमी

• शुल्क बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है।

शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है।सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपये प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपये प्रति लीटर है।



# नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन: सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे। भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके।



# 8,450 करोड़ की तीन संपत्तियां इनविट फंड में स्थानांतरण को मंजूर

**नई दिल्ली।** देश के पहले सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने अपनी तीन राजमार्ग संपत्तियों को आईआरबी इनविट फंड में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

इन संपत्तियों का कुल उद्यम मूल्य लगभग 8,450 करोड़ रुपये के करीब है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की सहायक कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौता शुक्रवार को हुआ। यह लेन-देन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

# जीएसटी पंजीकरण में देरी के सोशल मीडिया के दावे खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआईसी ने शनिवार को जीएसटी पंजीकरण देने में देरी और भ्रष्टाचार के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक दावे को खारिज करते हुए कहा कि आवेदक ने अभी तक दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा मांगे गए विवरण पेश नहीं किए हैं।

एक व्यक्ति ने पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर बताया कि कैसे 20 दिन पहले आवेदन करने के बाद भी उसे जीएसटी पंजीकरण नहीं दिया गया है। इस पोस्ट को 'एक्स' पर एक अन्य उपयोगकर्ता ने साझा किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि जीएसटी पंजीकरण देने में भ्रष्टाचार है।

एक्स पर ही सीबीआईसी ने मामले के तथ्य दिए और कहा कि आवेदन इस सप्ताह 26 मई, 2025 को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था। सीबीआईसी ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी। मामले को तुरंत संसाधित किया गया था और कंपनी की ओर से किराया समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पदनाम नहीं होने के बारे में सवाल किया गया था।

### खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से रिफाइनरों को संरक्षण मिलेगा: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए और आईवीपीए ने कच्चे तेलों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इस कदम से तैयार उत्पादों के आयात को हतोत्साहित किया जाएगा और घरेलू तेल परिशोधक कंपनियों (रिफाइनरों) के हितों की रक्षा होगी। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 27.5 प्रतिशत था। पिछले छह महीनों में रिफाइंड पामोलीन के आयात में तेज वृद्धि होने के बाद, दोनों उद्योग निकाय, सरकार से कच्चे खाद्य तेलों और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर को बढ़ाने का आग्रह करते आ रहे हैं। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का सरकार का निर्णय एक साहसिक और समय पर उठाया गया कदम है।

# आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



759 रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



25 विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |



हार्दिक पंड्या

## पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।


पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है, तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।


**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर, प्रवीण दुबे।

**मौसम का हाल :** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान अहमदाबाद में बारिश की संभावना न के बराबर है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।



अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं। जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।



श्रेयस अय्यर

### किंग्स के बल्लेबाजों को सुधार करना होगा


पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।

### रोहित लौटे लय में, अंकुश लगाना आसान नहीं

रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।

## काउंटी क्रिकेट ने मुझे बेसिक्स की याद दिलाई: सुदर्शन

**मुल्लांपुर, एजेंसी**



● आईपीएल में 54.21 की औसत से सर्वाधिक 759 रन बनाए हैं साई ने

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है।

सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

सुदर्शन ने कहा मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं। उन्होंने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा। में सीरीज से पहले खुद को जागरूक करने और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दूंगा। सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

### भारत की युवा टीम इंग्लैंड में कुछ खास हासिल करने में सक्षम : डिविलियर्स

**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेंगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।



### वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है: माहेला

**मुल्लापुर :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है। जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं।

## खेल डायरी

### जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

### ललित ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** गुजरात के ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### सात्विक-चिराग का सफर सिंगापुर ओपन में खत्म

**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी का सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में शनिवार को यहां मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक के खिलाफ हार के साथ खत्म हो गया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले गेम की बढ़त को भुनाने में नाकाम रही और 64 मिनट तक चले मुकाबले को 21-19, 10-21, 18-21 से गंवा बैठी।

## अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, एजेंसी :** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दजुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रूण ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



बोस्निया के दामिर दजुमुर को हराने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज़।

## नायर के दोहरे शतक से भारत ए के 557 रन, चाय तक लायंस के एक विकेट पर 75 रन

**कैंटरबरी (इंग्लैंड) :** करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने शनिवार को यहां चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 557 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके बाद इंग्लैंड लायंस ने चाय तक एक विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज बेन मैकिनी (16) के जल्दी आउट होने के बाद एमिलियो गे 28 रन और टॉम हेन्स 25 रन बनाकर क्रीज पर थे। लायंस अभी 482 रन से पीछे हैं।

अंशुल कंबोज ने मैकिनी का विकेट झटका और अपनी सटीक और स्विंग गेंदबाजी से प्रभावित किया। इससे पहले नायर के दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस पर दबदबा बनाया जिन्होंने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए की टीम सुबह तीन विकेट पर 409 रन से खेलने उतरी। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े।

## भारत 24 पदक के साथ एशियाई एथलेटिक्स में दूसरे स्थान पर

**गुमी (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया।

भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे। भारत के कुल पदकों की संख्या पिछली बार से तीन कम है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार दो स्वर्ण पदक अधिक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।




● सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने रजत पदक जीता



सचिन यादव। ● एजेंसी

भारत का यह 2017 में भुवनेश्वर में हुए इन खेलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भुवनेश्वर में भारत 29 पदक (10 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर था। जापान पांच स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए। उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। सचिन यहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को मामूली अंतर से चूक गये। उन्होंने अपने टखने और कंधे की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं है। उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में यादव का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य जीता।

जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

## रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है- अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

## अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता:** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग:** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



## मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

## इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।

आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।

कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।

मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

## कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4 .25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4 .25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

## रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था।

### दिल्ली समेत 15 शहरों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए की कई टीमों ने शनिवार को 8 राज्यों के दिल्ली, चंडीगढ़ और कोलकाता समेत 15 शहरों में छापेमारी की। इससे कुछ दिन पहले ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) मोतीराम जाट को पाकिस्तान में खुफिया अधिकारियों के साथ भारत की खुफिया जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मोतीराम ने एनआईए को अहम जानकारी दी थी, जिसके कारण इस मामले की जांच कर रही एनआईए ने दिल्ली, चंडीगढ़ और कोलकाता समेत 15 जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

### विदेशी जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को निकाला

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र में बहामास ध्वज वाले जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को निकाला। तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक्स पर कुछ तस्वीरें शनिवार को साझा कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि आधी रात को बचाव अभियान में भारतीय तटरक्षक बल स्टेशन (काकीनाडा) ने जीवन रक्षक चिकित्सा निकासी अभियान का समन्वय किया। आईसीजीएस ने रात में बहामास ध्वज वाले जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को निकाला, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था। मरीज को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

# अमेरिका ने हिंद-प्रशांत सहयोगियों को चेताया, चीन का खतरा नजदीक

## रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च
- अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला

सिंगापुर, एजेंसी

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।




### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है। हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रूचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# थरूर की नाराजगी के बाद बदला कोलंबिया का सुर

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### डेनमार्क-मलेशिया को चुनौतियों से कराया अवगत

**कोपेनहेगन/कुआलालंपुर।** भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डेनमार्क और मलेशिया के नेताओं को सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियों से अवगत कराया। रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की राजधानी में है। वहीं दूसरी ओर संजय झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मलेशिया पहुंचा और मलेशियाई मंत्रियों और सांसदों से मुलाकात की। उन्हें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के भारत के संकल्प से अवगत कराएगा।

### लातविया-इथेपिया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

रीगा/अदीस अबाबा। लातविया के शहर रीगा पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। वहीं इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा

वियना, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

# युद्ध विराम वार्ता अधर में, रूसी हमले में बच्ची सहित दो की मौत

**कीव।** यूक्रेन में रूसी ड्रोन व मिसाइल हमले में शनिवार को नौ वर्षीय लड़की सहित दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारी ने यह जानकारी दी। रूस द्वारा अगले सप्ताह की शुरुआत में इस्तांबुल में प्रस्तावित शांति वार्ता के लिए नए सिरे से बैठक में यूक्रेन के राजनयिकों के भाग लेने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। सेना ने बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट कर दिया गया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे। जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एक गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने 'टेलीग्राम' ऐप पर लिखा कि एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।



गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।

### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम


**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में परमाणु युद्ध को व्यापार से रोकना गर्व की बात : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।



- भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

अंतरिक्ष की यात्रा | गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साझा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 2O) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।




### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी - सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुन:प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया- मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं।